अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 56 | लखनऊ, सोमवार, 08 सितम्बर 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### दिल्ली सरकार ने बाढ़ प्रभावित के लिए 52 ट्रक राहत सामग्री पंजाब भेजी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों को रवाना किया है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ग्रस्त पंजाबवासियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पंजाब की मिट्टी की महक दिल्ली की रगों में रची-बसी है। हम एक ही परिवार हैं और जब पंजाब संकट में है तो दिल्ली उसका दर्द बांटने के लिए उसके साथ खड़ी है। उन्होंने सभी मंत्रियों, अधिकारियों और स्वयंसेवकों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इतने कम समय में भोजन सामग्री से लेकर हर आवश्यक वस्तु की व्यवस्था सुनिश्चित की।

### राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा अब भी असरदार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कंग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुयी है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कंग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ''भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुयी थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुयी, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गयी थी। भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य देश के तीन ज्वलंत और चिंताजनक सार्वजनिक मुद्दों- आर्थिक असमानता, गहराता सामाजिक ध्रुवीकरण और बढ़ते राजनीतिक अधिनायकवाद को उजागर करना था।

### मुख्यमंत्री योगी को ही आउटसोर्स करने की अब है ज़रूरत : अखिलेश

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री यादव ने कहा ह्ल आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है।

# यूपी में अब नौकरियों की बौछार, हर क्षेत्र में यूपी अग्रणी

## आजादी के समय यूपी की अर्थव्यवस्था देश में सबसे बड़ी थी : योगी आदित्यनाथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र
- सीएम के हाथों 11 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि आठ वर्ष पहले वे नियुक्ति पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं कर पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। क्योंकि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है।

2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही, लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की



बौछार है। उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों को रविवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने लोकभवन में नवचयनित 11 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम ने निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चयनित अनुदेशकों व अभिभावकों को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि 8 वर्ष पहले यूपी में परंपरागत उद्यम के कलस्टर भी बंदी के कगार पर थे। 400 वर्ष पहले की बात करेंगे तो यूपी देश के सबसे समृद्ध राज्यों में था। यहां विदेशी आक्रांताओं के हमले भी हुए, अंग्रेजों ने भी लूटा। देश जब 1947 में स्वतंत्र हुआ, तब भी यूपी भारत की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। 1960 तक यूपी का योगदान भारत की अर्थव्यवस्था में 14 फीसदी था, लेकिन 1960 के बाद इसमें गिरावट प्रारंभ हुई। 2016 आते-आते यूपी का योगदान महज 8 फीसदी के आसपास रह गया। इन लोगों के कारनामों ने नंबर एक से नंबर आठ तक पहुंचा दिया। जब नीतियां स्वयं के स्वार्थ और वोटबैंक की चिंता करके, परिवार के हितों के संरक्षण को लेकर बनाई जाती हैं तो वह दुर्गति की तरफ लेकर जाती हैं।

यूपी में अब नौकरियों की बौछार सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यूपी के नौजवानों के लिए साफ-सुथरा मंच दिया। चयनित अनुदेशकों को सिफारिश की नौबत नहीं आई होगी। जिसने तैयारी की, उसका चयन हुआ। जिसने नहीं की होगी, तैयारी करेगा, उसका आने वाले समय में होगा। अब नौकरियों की बौछार हो रही है। कानून व्यवस्था के माध्यम से सुरक्षा का माहौल तैयार किया गया है। दंगामुक्त, गुंडागर्दी, माफिया मुक्त की अवधारणा ने यूपी में बड़े-बडे निवेश को आमंत्रित किया है। इसका सर्वाधिक लाभ व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता से जुड़े नौजवानों को हुआ। 8 वर्ष में 60 लाख से अधिक ऐसे लोगों को नौकरी मिली। इसमें 14 लाख ऐसे नौजवान हैं, जिन्होंने यूपी कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण लिया। सीएम ने नियुक्ति पाने वाले युवाओं से कहा कि आवेदन से लेकर नियुक्ति पत्र मिलने तक सिफारिश या लेन-देन नहीं हुआ, इसलिए सरकार की भी अपेक्षा है कि जब अपनी आईटीआई में जाएं तो ईमानदारी के साथ छात्रों को गाइड करें। टाइमपास करने से तत्काल अपने मन को संतुष्ट कर लेंगे, लेकिन समय कभी माफ नहीं करता है। ईमानदारी से किया गया प्रयास परिणाम अवश्य लेकर आता है।

सीएम के हाथों 11 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र सीएम के हाथों 11 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र मिला। सीएम के हाथों रायबरेली की पल्लवी, उन्नाव की स्मृति दुबे, मीरजापुर की ममता वर्मा, मुजफ्फरनगर के संदीप, अयोध्या के सौरभ यादव, बस्ती की प्रियंका सिंह, देवरिया के अभिलाष सिंह, देवरिया के सुशील कुमार, जालौन के विवेक मिश्र, कानपुर नगर की पिंकी कुमारी, कन्नौज की ममता यादव को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। लोकभवन में हुए मुख्य कार्यक्रम में 460 नवनियुक्ति अनुदेशक शामिल हुए। शेष अनुदेशकों को स्थानीय स्तर पर नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, इंजी. अवनीश सिंह, प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव हरिओम आदि मौजूद रहे।

# देशभर में एसआईआर की तैयारी, 10 को बैठक

- राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की दिल्ली में बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली,। चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) की 10 सितंबर को दिल्ली में बैठक बलायी है जिसमें पूरे देश में राज्यों की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने की तैयारी के बारे में विशेष रूप से चर्चा की जायेगी।

चुनाव आयोग सूत्रों ने रविवार को यहां कहा,'' आयोग ने राज्यों के



सीईओ के साथ हर तीन महीने में बैठक करने का एक सिलसिला शुरू किया है। इसी तरह की एक बैठक दिल्ली में 10 सितंबर को बुलायी गयी है।'' सूत्रों के अनुसार इस बैठक में आयोग राज्यों के सीईओ के साथ प्रशासनिक और बजट संबंधी विषयों पर चर्चा करने के साथ साथ ही देशभर में मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी पर चर्चा कर सकता है ।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पद संभालने के बाद सीईओ के साथ इस तरह की नियमित बैठकों का सिलसिला शुरू हुआ है। श्री कुमार के कार्यकाल में आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत एवं अधिक पारदर्शी बनाने, तथा मतदाताओं के साथ-साथ अन्य हितधारकों की सुविधा के लिए स्थापित नियमों के तहत कई नयी पहल की है।

इनमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ नियोजित बैठक, बूथ स्तरीय अधिकारियों के लिए वर्कशॉप, आयोग का एकीकृत डिजिटल ऐप और ऐसी तमाम पहलें शामिल हैं।

# भाजपा सांसदों की कार्यशाला में शामिल हुए प्रधानमंत्री

## जीएसटी सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

- कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अपने सांसदों के लिए दो दिवसीय सांसद कार्यशाला शुरू की। संसद परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए और वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीछे वाली सीट पर बैठे नजर



आए। प्रधानमंत्री ने रविवार को कार्यशाला की तस्वीरें ट्वीट करते हुए कहा कि दिल्ली में सांसद कार्यशाला' में भाग लिया। पूरे भारत से आए सांसद सहयोगियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विविध मुद्दों पर बहुमूल्य विचारों का आदान-प्रदान किया।

सूत्रों के अनुसार कार्यशाला में पहले दिन उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग सेशन में सांसदों को बैलट पेपर पर सही निशान लगाने, चुनाव अधिकारी की ओर से दिया गया पेन का इस्तेमाल करने और बैलट पेपर को सही तरीके से मोड़कर बॉक्स के अंदर डालने की जानकारी दी जाएगी, ताकि वोट अमान्य न हों। एनडीए का सारा ध्यान क्रॉस वोटिंग रोकने और अवैध वोटों को कम करने पर है। सांसद रवि किशन और डॉ. मेधा कुलकर्णी ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें साझा की। डॉ. कुलकर्णी ने अपने संदेश में कहा कि आज दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के सांसदों की कार्यशाला के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामान्य सांसद की तरह सबसे पीछे जाकर बैठे।

# यूपी में मधुमक्खी पालन से स्वरोजगार का होगा विस्तार : दिनेश प्रताप सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मधुमक्खी पालन के लिए 90 दिनों का नि:शुल्क प्रशिक्षण देगी योगी सरकार

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ोतरी के लिए सार्थक कदम उठा रही है। प्रदेश में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन और शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को प्रेरित कर रही है। साथ ही मधुमक्खी पालन के लिए 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का विस्तार होगा। मधुमक्खियां प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष



रूप से किसानों की आर्थिक वृद्धि, फसलों में पर-परागण से उत्पादन क्षमता में वृद्धि तथा पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान करतीं हैं। उद्यान मंत्री श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि के साथ ऐसे अनुपूरक व्यवसायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनमें कम भूमि और कम पूंजी की आवश्यकता होती है। मधुमक्खी पालन ऐसा ही व्यवसाय है, जिसे अपनाकर किसान कम समय और कम लागत में अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से मधुमक्खी पालन को वैज्ञानिक ढंग से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर व बस्ती तथा राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर, 2025 तक तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ. भानु प्रकाश राम ने बताया कि 90 दिवसीय प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएं सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने निकटतम केन्द्र संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर/बस्ती अथवा अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर आवेदन करना होगा।

# सेवा भारती की बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी गठित

- सीए संदीप गुप्ता को मेरठ प्रांत का अध्यक्ष और अखिल अग्रवाल को प्रांतीय मंत्री बनाया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नोएडा। सेवा भारती मेरठ प्रांत की साधारण सभा की बैठक गाजियाबाद नेहरू नगर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई। इस बैठक में सेवा भारती की प्रांतीय कार्यकारणी का सर्वसम्मति से गठन




हुआ।

बैठक में सीए संदीप गुप्ता को प्रांतीय अध्यक्ष, अखिल अग्रवाल को प्रांतीय मंत्री एवं सुरभि सिंह को सहमंत्री का दायित्व दिया गया।

इस अवसर पर पूरे मेरठ प्रांत की कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित रहे। प्रांतीय संगठन मंत्री जितेन्द्र ने सभी को आगामी तीन महीने की कार्य योजना के बारे में बताया।

# जल निगम को दो भागों में बॉटने का फैसला त्रासदी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जल निगम कर्मियों / पेंशनरों ने वर्ष 2021 में पूर्ववर्ती उ0प्र0 जल निगम के दो भागों में बॉटने के फैसले को त्रासदी करार दिया है। जल निगम पेंशनरों/कर्मियों की प्रतिनिधि संस्था उ0प्र0 जल निगम संघर्ष समिति द्वारा आज आयोजित पत्रकार वार्ता में पेयजल एवं स्वच्छता हेतु 1894-95 के बाद गठित संस्था जो विभिन्न नामों से परिवर्तित होते हुए 9 सितम्बर 2021 से जल निगम (नगरीय) एवं जल निगम (ग्रामीण) में परिवर्तित हो गयी है के क्रिया कलापों, वित्तीय स्थिति, एवं प्रशासनिक तथा संस्थागत ढ़ाचे की स्थिति के साथ जल निगम की अधोगति तथा उसके लिए उत्तरदायी तत्वों पर एक विस्तृत श्वेत पत्र जारी करते हुए जल निगम विभाजन को त्रासदपूर्ण विभीषिका के रूप में मनाने की तैयारी पूर्ण कर ली है।

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए संयोजक वाई0एन0 उपाध्याय ने कहा वर्ष 1894-95 से 1975 तक जल निगम शासकीय विभाग के रूप में स्थापित था जिसे विश्व बैंक से वर्ष 1975 में मात्र 40 करोड़ रू0 त्रण लेने के निमित्त तत्कालीन शासकीय विभाग स्वायत्त शासन, अभियन्त्रण विभाग को जल निगम में परिवर्तित कर दिया गया। वर्ष 1894-95 से लेकर 1975 तक 22 प्रतिशत सेन्टेज के रूप में धनराशि होती थी तथा कर्मियों का वेतन / पेंशन राजकीय कोषागार से भुगतान किया जाता था। जल निगम बनने पर वेतन/पेशन का भार सीधे जल निगम पर आ गया जिसे 22 प्रतिशत सेन्टेज से ही भुगतान किया जाने लगा। मार्च 1997 से शासन द्वारा सेन्टेज घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे वित्तीय स्थिति क्षीण होने लगी। इसी दौरान आवास विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों, बड़े बडे क्लोनाइजरो ने अपनी कालोनियों में पेयजल, सीवरेज एवं ड्रेनेज जैसे कार्य स्वंय करना शुरू कर दिया जिससे जल निगम के कार्यभार में कमी आयी। स्वजलधारा जैसी अनुभवहीन संस्था खड़ी कर दी गयी जो 4 वर्ष में ही समाप्त हो गयी, जिसने जल निगम के अस्तित्व पर चोट पहुँचायी। वर्ष 2000 में हैण्डपम्पों का रख-रखाव तथा 2007-08 में एकल ग्राम पाइप पेयजल का रख रखाव ग्राम पंचायतों को सौंपें जाने से वित्तीय स्थिति जर्जर हो गयी। वर्ष 2017 से जल निगम के सुदृढ़ीकरण के नाम पर नित नये प्रयोग शुरू कर दिये गये। प्रारम्भसे लेकर 2020 तक अध्यक्ष पद पर एक वरिष्ठ आई0ए0एस0 अधिकारी द्वारा बड़ी कुशलता से 'जल निगम का संचालन किया जाता था जिसे नये पद सृजित कर बढ़ाकर 5 कर दिया गया और बाद में 9 सितम्बर 2021 को जल निगम एक्ट को संशोधित कर जल निगम को दो भागों में बॉटकर बढ़ाकर 8 कर दिया गया। दोंनों निगमों में लगभग 50 नये कार्यालय खोलकर प्रशासनिक व्यय बेतहाशा बढ़ा दिया गया। भवनों के रेनोवेशन के नाम पर फिजूलखर्ची चरम पर पहुँचा दी गयी। रही सही कसर शासन द्वारा वर्ष 2023 में सेन्टेज राशि पुनः 12.5% घटाकर 5-10% कर दी गयी जो नगरीय की बड़ी योजनाएं होने के कारण 5 प्रतिशत ही रह गयी है। ग्रामीण में जल निगम (ग्रामीण) को 2 प्रतिशत सेन्टेज ही अनुमन्य किया गया है जिससे जल निगम की कमर टूट गयी है। एक तो आधा अधूरा वेतन पेंशन मिल रहा है वह भी 6-6 महीने बाद। जल निगम में त्राहि-त्राहि किन्तु सुनने वाला कोई नहीं। जल निगम में सॉतवा वेतनमान लागू नहीं किया गया। मंहगायी भत्ता / राहत 252 प्रतिशत की जगह 212 प्रतिशत नगरीय में अर्थात 40 प्रतिशत कम। ग्रामीण में 246 किन्तु शासनादेश की तिथि के बजाय तुरन्त से। मा0 सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी अभी सभी को षष्ठम वेतनमान का एरिअर नहीं दिया गया। सेवानैवृत्तिक देयों, पेंशन ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण के करोड़ों बकाया जिनका वर्षों से भुगतान नहीं किया गया। जी0पी0एफ0 में काटी गयी धनराशि का निवेश न कर 292 करोड़ की राशि अन्यत्र व्यय कर दी गयी। 14 वर्षा से किसी कर्मी को बोनस नहीं दिया गया। कभी जल निगम में 26000 कर्मियों था बेड़ा था जो आज घटकर मात्र 4912 कार्मिक तथा 14746 पेंशनर रह गये है। एक-एक कार्मिक चार-पाँच पटलों का कार्य कर रहा है किन्तु समय पर न वेतन न पेंशन। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उपस्थित संगठनों के अध्यक्ष/महासचिवों ने कहा कि अविभाजित जल निगम में कर्मियों / पेंशनरों के साथ समान व्यवहार होता था तथा आर्थिक संतुलन बना रहता था किन्तु विभाजन के उपरान्त सभी कर्मियों व पेंशनरों में देयताओं का भुगतान व सेवा प्रकरणों में समानता नहीं रही। सभी का स्तर अलग-अलग। ऐसी स्थिति में जल निगम का विभाजन पूरी तरह असफल व जल निगम सम्पतियों व धन की बरबादी होने के साथ जनविरोधी साबित हुआ है जो हमारे सामने एक त्रासदी एवम् विभीषिका के रूप में प्रकट हुआ है। प्रेस वार्ता में मा0 मुख्यमन्त्री जी द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए अपील की गयी है कि जल निगम कर्मी /पेंशनर भी उनके परिवार का हिस्सा है फिर उन्हे इससे क्यों वंचित रखा जा रहा है। मा0 मुख्य मन्त्री जी से यह भी अपील की गयी कि जल निगम को सुद्ध करने का एक ही उपाय है कि इसका एकीकरण करते हुए इसे सेन्टेज रहित (शून्य सेन्टेज) घोषित कर दिया जाय तथा वेतन/पेंशन कोषागार से सम्ब्द्ध कर दी गयी। जाय। अतः जल निगम कर्मी / पेंशनर 9 सितम्बर को विभाजन विभीषिका के रूप में काला दिवस

### मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली ढेर

पश्चिमी सिंहभूम। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेलापराल गांव स्थित बुरजूवा पहाड़ी पर रविवार सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 लाख के इनामी नक्सली को मार गिराया है। चाईबासा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में नक्सलियों का मूवमेंट है। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम रविवार तड़के रेलापराल इलाके में सर्च अभियान पर निकली। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियां चलानी शुरू कर दीं। कई घंटे तक चली इस मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया। उस पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। घटनास्थल से शव और हथियार मिले हैं।

# डिज्नी वर्ल्ड व जुरासिक पार्क को देगा मात खुर्जा का सिरेमिक वेस्ट से बना अनोखी दुनिया पार्क

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- बुलंदशहर-खुर्ज़ा विकास प्राधिकरण की पहल से बना पार्क
- खुर्ज़ा के सिरेमिक उत्पाद को विश्व पटल पर देगा अलग पहचान
- सितंबर के अंत तक पर्यटकों के लिए ओपन हो जाएगा पार्क
- 80 टन सिरेमिक कचरे से तैयार की गईं आकर्षक कलाकृतियां

लखनऊ/बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की लोकल फॉर वोकल नीति से प्रेरित होकर बुलंदशहर में एक अनूठी पहल की गयी है। यहां ''अनोखी दुनिया'' नाम से एक पार्क बनाया गया है, जिसे सिरेमिक वेस्ट से बनाया गया है। यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है जो विश्वस्तरीय डिज्नी वर्ल्ड और जुरासिक पार्क को टक्कर देगा। यह पार्क इसी माह के अंत तक पर्यटकों के लिए खुल जाने की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर बने इस पार्क में बच्चों के लिए गेमिंग जोन भी हैं।

बुलंदशहर-खुर्ज़ा विकास प्राधिकरण के वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि खुर्ज़ा शहर को 'सिरेमिक की राजधानी' कहा जाता है। यहां के बने विश्वस्तरीय डिज़ाइन, आकार, शैली के बर्तनों व उत्पादों की देश-विदेश में अपनी पहचान है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरुप खुर्ज़ा की पारंपरिक विरासत को विश्वपटल पर अलग पहचान दिलाने के लिए यहां 'अनोखी दुनिया' नामक एक सिरेमिक पार्क का निर्माण किया गया है।



यह पार्क न केवल खुर्ज़ा की कला और कारीगरी को प्रदर्शित करता है, बल्कि शहर को पर्यटन की दृष्टि से भी एक नया मुकाम दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। वीसी ने बताया कि अनोखी दुनिया नामक पार्क को पीपीपी मोड पर बनाया गया है। यह पार्क करीब 2 एकड़ में फैला हुआ है। इस पार्क की खासियत है कि यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है। उन्होंने बताया कि अनोखी दुनिया पार्क में छह कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने मिलकर कई महीनों की मेहनत से करीब 100 छोटी-बड़ी अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं। इसमें 28 बड़ी कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। यह कलाकृतियां टूटी हुई सुराहियों, कप, केतली और अन्य बर्तनों के टुकड़ों से बनाई गईं हैं। यहां बड़े आकार के कप, केतली, सुराही और कई अन्य कलात्मक नमूने देखने को मिलेंगे, जिन्हें रंग-बिरंगे और आकर्षक अंदाज़ में सजाया गया है। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों को लुभाने में सक्षम है। प्राधिकरण के वीसी डॉ. लाठर ने बताया कि पार्क को 80 टन सिरेमिक कचरे से तैयार किया गया है, जो 'वेस्ट-टू-आर्ट' का उत्कृष्ट उदाहरण है। अनोखी दुनिया पार्क पीपीपी मोड पर 5 करोड़ 86 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह पार्क पर्यटकों के लिए सितंबार माह के अंत तक ओपन कर दिया जाएगा। इस पार्क में ग्रीनरी का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जो हार्टिकल्चर पर आधारित है। पार्क में बच्चों के लिए कई सेल्फी प्वाइंट और एक कैफ़े भी बनाया गया है। पार्क की सुंदरता और रखरखाव के लिए पर्यटकों से शुल्क भी लिया जाएगा। यह शुल्क बहुत ही मिनिमम होगा। यह धनराशि पार्क के रखरखाव पर खर्च की जाएगी। वीसी ने बताया कि यह पार्क न केवल कचरे के दोबारा उपयोग का शानदार उदाहरण है बल्कि डबल इंजन की सरकार के 'स्वच्छ भारत अभियान' को भी गति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह पार्क खुर्ज़ा को एक नए पर्यटन नक्शे पर स्थापित करेगा। यहां आने वाले पर्यटक स्थानीय बाजार से सिरेमिक उत्पाद भी खरीदेंगे, जिससे उद्योग को सीधा लाभ होगा। साथ ही यह पार्क अन्य शहरों के लिए भी एक मॉडल बनेगा कि किस प्रकार कचरे को कला में बदलकर सतत विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी लगातार प्रदेश में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में 'अनोखी दुनिया' पार्क उनके पर्यटन और स्वच्छता के विजन का जीता जागता उदाहरण है। यह क्रिएटिव पार्क खुर्ज़ा की प्रमुख उद्योग धरोहर को प्रदर्शित करने के साथ-साथ स्थानीय पर्यटन को भी नई उड़ान देगा। उम्मीद है कि पार्क में देश-विदेश से पर्यटक आएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहर की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## 'ट्रम्प टैरिफ' से उभरी चुनौतियों पर देशहित में केंद्र सरकार उठाए ठोस कदम: मायावती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि 'ट्रम्प टैरिफ' के बाद उभरी नई चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है।

बसपा प्रमुख मायावती रविवार को पार्टी के कार्यालय में बैठक की। जिसमें यूपी स्टेट के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने शामिल होकर पार्टी की ओर से दिए गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट दी। बैठक में भारत पर अमेरिका के लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा हुई। 'ट्रम्प टैरिफ' से उभरी नई चुनौतियों का जिक्र करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि इससे सही से निपटने के लिए भारत सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है। वरना देश में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा घरों से दूर पलायन की विवशता आदि की समास्याएं और भी जटिल होकर देश के मान–सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, जिससे बचना बहुज जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यूपी समेत सभी राज्यों में विभिन्न धर्मों के पूजा स्थलों और संतों-महापुरुषों को निरादार करने के मामले में कहा कि सभी सरकारों को संकीर्ण, जातिवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण राजनीति छोड़कर ऐसे आपराधिक तत्वों के प्रति सख्त कानूनी रवैया अपनाकर कानून



का राज स्थापित करना चाहिए, ताकि लोग शांतिपूर्वक अपनी आजीविका कमा सकें और अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। बसपा प्रमुख ने पार्टी जनों को देश और प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से जुड़ी नई चुनौतियों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लगातार साम, दाम, दंड, भेद आदि हर तरह के हथकंडे अपनाकर बसपा को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं ताकि दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने वाली पार्टी आगे न बढ़ सके। मायावती ने अक्टूबर माह में कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ के वीआईपी रोड स्थित पार्टी उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम करेगी। इसमें वे स्वयं शामिल होंगी। यूपी प्रदेश इकाई के अलावा, आल इंडिया लेवल पर पार्टी के पुनर्गठन के बाद राज्यस्तर पर होने वाला यह पार्टी का पहला बड़ा कार्यक्रम है। इसमें पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## पोते के साथ टहलने निकले दादा को आवारा सांड ने सींग मारा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के खजुहा मोहल्ले में आवारा सांडों के आतंक की एक भयावह घटना सामने आई। 58 वर्षीय विजय रस्तोगी अपने 4 वर्षीय पोते के साथ टहलने निकले थे, तभी दो सांडों ने उन पर हमला कर दिया। यह पूरी घटना मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विजय रस्तोगी अपने पोते को लेकर मोहल्ले में टहल रहे थे। इसी दौरान एक सांड ने सामने से आकर दोनों पर हमला कर दिया। उन्होंने जैसे ही अपने पोते को बचाने की कोशिश की, पीछे से एक और सांड ने आकर उन पर हमला बोल दिया। सांड ने उन्हें अपने सींगों में फंसा लिया और हवा में उछालकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और डंडों की मदद से सांडों को भगाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत विजय रस्तोगी को पास के चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अखिलेश यादव पर भाजपा का पलटवार, सपा राज में लालबत्ती की गाड़ियों में घूमते थे माफिया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कई विषयों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। सपा अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अखिलेश यादव, जिनके अपने ही घर कांच के बने हों, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा सरकार का कुख्यात नारा सबको याद है, समाजवादी पार्टी का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है। रद्दी में पड़े अखबारों का हर पन्ना गवाही देता है कि सपा राज में माफिया लालबत्ती की गाड़ियों में घूमते थे, खुलेआम कानून को चुनौती देते थे, दंगे यूपी की पहचान बन गए थे, जातिवाद और भ्रष्टाचार अपने चरम पर था और आम जनता का जीना दूभर हो गया था।



भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आगे लिखा कि ये सब किसके संरक्षण में हो रहा था, यह बताने की जरूरत नहीं है। जनता भी जानती है और आप भी। आज डबल इंजन वाली भाजपा सरकार में दंगे भी बंद हैं और दंगाई भी बंद हैं। जहां तक पीडीए के ढोंग की बात है, वो आप रहने दीजिए। हाल ही में आपने जिस तरह एक पिछड़े समाज से आने वाली बहन (पूजा पाल) के साथ व्यवहार किया, वो पूरे प्रदेश ने देखा है और रही बात दरार की, तो आप खुद ही जानते हैं चाचा + भतीजा = 0 नतीजा। उल्लेखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा ?था कि समाज में दरार डालते-डालते भाजपा ख़ुद ही दरारों से भर गयी है। भाजपाइयों को ज़मीन-क़ब्ज़ा, भ्रष्टाचार, अंदरूनी लड़ाई और आपसी उठा-पटक से फ़ुरसत मिले तब तो वे संगठन के बारे में सोचें। इसके बारे में सपा अध्यक्ष ने भाजपा के ख़ात्मे के मूल कारण गिनाये।

- भाजपा की सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नकारात्मक राजनीति
- अकूत पैसे कमाने की महाभ्रष्ट सोच
- किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरी-कारोबार विरोधी नीतियाँ
- भाजपाइयों के किसी के सगे नहीं होने के हर दिन बढ़ते उदाहरण
- भाजपाइयों के हर स्तर व हर तरफ से भ्रष्ट-चारित्रिक पतन के आते समाचार व वीडियो
- भाजपा व उनके संगी-साथियों द्वारा संविधान व आरक्षण को पिछले दरवाज़े से ख़त्म करने की साज़िश
- भाजपा द्वारा अपने सहयोगी दलों का घोर अपमान, उपेक्षा व तिरस्कार
- पीडीए के लिए भाजपाइयों के मन में कूट-कूटकर भरी दुर्भावना
- पीडीए समाज के उत्पीड़न-शोषण को बढ़ावा देने की वर्चस्ववादी सोच।

## बेकाबू थार दुकान में घुसी,चपेट में आने से महिला गंभीर घायल, युवक गाड़ी छोड़कर भागे

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक बेकाबू थार दुकानों में जा घुसी। हादसे में मानक नगर की रहने वाली 65 वर्षीय शोभा चौधरी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तुरंत लोक बन्धु अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया। बाद में उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेन्टर रेफर कर दिया गया। वहां उनकी स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के चुंगी इलाके में रविवार सुबह 5 बजे हुई। थार सबसे पहले न्यू हिंद होटल से टकराई। टक्कर से होटल का काउंटर टूट गया। होटल मालिक के अनुसार करीब सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आसपास की कई दुकानों का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। हादसे के बाद थार में सवार चारों युवक गाड़ी छोड़कर भाग निकले। लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। सरोजनी नगर पुलिस ने थार को अपने कब्जे में ले लिया है।

## ईदगाह में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फ मानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया, मेदान्ता हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फरंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक निःशुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने



कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत इस निःशुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ मौलाना अबू तैय्यब अहमद मियॉ फरंगी महली की सरपरस्ती में सन 2000 में हुआ था। आज 190वॉ कैम्प था। यह हर महीने की पहली इतवार को लगता है। इस कैम्प से बिना किसी धार्मिक भेद भाव के हजारों लोग लाभ उठा चुके हैं। यहॉ निःशुल्क चश्मे दिये जाते हैं। ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड, स्त्री रोग इत्यादि की जॉच और निःशुल्क दवायें दी जाती हैं। इस कैम्प में काइन्ड हास्पिटल्ल के डायरेक्टर और प्रख्यात चिकित्सक डा0 शारिक हबीब, मैक्स हास्पिटल की पूरी टीम, बेग आई सेन्टर की पूरी टीम, उवैस अहमद, अम्बर ट्रस्ट के जुबैर अहमद किदवाई ने अपनी अपनी सेवाओं को अंजाम दिया। मेहमानों का स्वागत मौलाना गुफरान अहमद शमसी ने किया और शुक्रिया मौलाना हारून निजामी ने अदा किया। इस अवसर पर मौलाना मो0 सुफयान निजामी, मुनीब अलवी, शेख़ राशिद अली मीनाई, कारी मो0 हारून, मौलाना मो0 शमीम, मौ0 अब्दुल मुगीस, अदनान शाहिद खॉ, फैज खालिद, अबुजर राईन मौजूद थे।

## प्राइमरी स्कूलों में होगी 5352 नियमित विशेष शिक्षकों की नियुक्ति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए 5352 नियमित विशेष शिक्षक रखे जायेंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। बेसिक में लगभग 80 हजार दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट में सात मार्च को रजनीश कुमार पांडेय व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य मामले में दिए गए आदेश के बाद माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है। 9 सितंबर को मामले में एफिडेविट देना है। इससे पहले माध्यमिक में 47 और अब बेसिक में 5352 विशेष शिक्षक रखने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव पर सहमति हुई है। आवश्यकता के अनुसार विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकेगी। विशेष श्रेणी के बच्चों में सीखने, बोलने, व्यवहार से संबंधित समस्या रहती है। इन्हें पढ़ाने के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त विशेष शिक्षक होते हैं।वर्तमान में एक निर्धारित मानदेय पर विशेष शिक्षकों से काम लिया जा रहा है। 2200 से अधिक संविदा शिक्षक तैनात हैं। जबकि अब इन पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के भेजे गए प्रस्ताव को उच्च स्तर पर मंजूरी मिल गई है।इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में दो सितंबर को कैबिनेट की बैठक में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 47 विशेष शिक्षकों को रखने का निर्णय किया गया था। यह वर्तमान पदों में से ही बदलने की अनुमति दी गई थी।

## जर्जर मकान गिरा, 5 मोटरसाइकिल दबी

**लखनऊ।** पुराने लखनऊ में पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिर गया। इससे मलबे में पांच मोटरसाइकिल दब गईं और रास्ता बाधित हो गया। मकान का बड़ा हिस्सा अभी भी लटका हुआ है। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत कर बचे मकान के हिस्से को गिराने की मांग की है। घटना रकाबगंज क्षेत्र के खजुवा दुर्गा काली मंदिर के पास हुई। क्षेत्र के पार्षद राजीव बाजपेई ने बताया मकान काफी लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। इसे गिराने की मांग भी की जा रही थी। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता भी निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 5 मिनट पहले ही हम वहां से निकले थे। इसके बाद सूचना मिली कि मकान गिर गया। लोगों का कहना है कि नगर निगम ने नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

## सपना हुआ साकार तो सफल अभ्यर्थियों ने जताया मुख्यमंत्री योगी का आभार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर अब योग्यता और मेहनत के दम पर हासिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ने हजारों युवाओं के जीवन को नई दिशा दी है। रविवार को लोकभवन के सभागार में नियुक्ति पत्र पाने वाले नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी मेहनत ही नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है।योगी सरकार की नौकरियां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अब रोजगार के अवसर योग्यता और मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को ही मिलेंगे, न कि सिफारिश वालों को। सीएम योगी के इसी मिशन को उनकी टीम धरातल पर उतारने में लगी है। मैनपुरी की सीमा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मैंने राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बरेली से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयास से यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरी हुई, जिसकी वजह से उनकी मेहनत रंग लाई। लखनऊ की अल्पना श्रीवास्तव ने फिरोजगांधी पॉलीटेक्निक, रायबरेली से प्रशिक्षण प्राप्त किया और एनएसटीआई कानपुर से सीआईटीएस कोर्स किया। उन्होंने बताया कि समाज की चुनौतियों के बावजूद उनके माता-पिता ने कभी पढ़ाई में कमी नहीं रखी। उन्होंने बताया कि अनुदेशक की नियुक्ति मिलने पर उनके माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे। उन्होंने वादा किया कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। उत्तर प्रदेश को उत्तम और कुशल प्रदेश बनाने में सहयोग करूंगी।गोरखपुर के श्यामू विश्वकर्मा ने भावुक होकर कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं और परिवार में पहले व्यक्ति हैं जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। यह अवसर उन्हें इसलिए मिल पाया क्योंकि प्रदेश सरकार ने निष्पक्ष भर्ती की परंपरा स्थापित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वह पूरी लगन और मेहनत से काम कर अपने चयन को सार्थक करेंगे। पीलीभीत के पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने राजकीय पॉलीटेक्निक पीलीभीत से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया और फिर सीआईटीएस की परीक्षा हैदराबाद से पास की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र से सरकारी सेवा तक की उनकी यात्रा आसान नहीं थी। लेकिन सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया ने उनके सपनों को पंख लगा दिए। नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न सिर्फ उनके लिए गर्व का क्षण है, बल्कि प्रदेश सरकार के युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है।

## मुख्यमंत्री योगी को ही आउटसोर्स करने की अब है ज़रूरत : अखिलेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ/इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है।

यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री यादव ने कहा ह्ल आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है। श्री यादव ने कहा आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में



किसके हित में किया जा रहा है। श्री यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं। हर बार यह बताया गया कि जीएसटी से व्यापार बेहतर होगा, लेकिन इसके उलट अब कई संशोधन करना पड़े। गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर स्लैब में बदलाव किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं कि कोई भी संशोधन उसे नहीं रोक सकता। उदाहरण देते हुए कहा कि पारले जी का बिस्किट, साबुन का पैकेट, क्रीम का डिब्बा छोटे कर दिए गए थे। क्या अब ये बड़े पैकेट में वापस आएंगे? भाजपा राज में मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उनका कोई इलाज नहीं है। किसानों की खाद न मिलने की समस्या पर उन्होंने स्पष्ट किया कि डीएपी खाद किसानों को नहीं मिल पा रही है। इसका कारण यह है कि पीडीए के लोग ही बड़े पैमाने पर खेती कर रहे हैं। इसलिए उपलब्ध नहीं कराई जा रही है जबकि गांव का गरीब किसान, जो मेहनत करके खेत में काम करता है, उसे यह खाद नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि सरकार के पास कीटनाशक दवाइयां महंगी हो गई हैं, खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई भी सरकार अभी तक नहीं कर पाई। यह स्थिति किसानों की आय दोगुनी करने की बजाय पूरी तरह से बिगाड़ रही है। अमेरिकी टैरिफ पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे भदोही कारपेट, मुरादाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद सहित तमाम एक्सपोर्ट सेक्टर पर पाबंदी लग गई है। यह उद्योग पहले विश्व स्तर पर पहचान रखते थे लेकिन अब अमेरिकी टैरिफ ने इनके कारोबार को रोक दिया है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा नेताओं के मुंह पर खुद टैरिफ लग गया हो, क्योंकि इस पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा। इकाना स्टेडियम को लेकर सवाल किए जाने पर श्री यादव ने व्यंग्यपूर्वक कहा कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इकाना स्टेडियम में जाते हैं, तो जनता वहां से भाग जाती है। यह स्टेडियम समाजवादी सरकार ने बनवाया था, लेकिन भाजपा सरकार इसे चालू नहीं कर सकी। अगर सैफई का स्टेडियम चालू होता तो यहां भी खेल आयोजन होते। लेकिन भाजपा सरकार न तो इसे चालू कर रही है और न ही मैच करवा रही है।

उन्होंने कहा आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है।

# सम्मान समारोह व हवन-पूजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** रविवार को श्री गोविन्द जन सेवा एवं गौ विज्ञान समिति के छठे स्थापना दिवस पर शहीद उद्यान हरदोई मे सम्मान समारोह व् हवन.पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समिति संरक्षक अध्यक्ष प्रेमावती ने निराश्रित व् असहाय वृद्ध माताओं को दैनिक उपयोगी वस्त्र प्रदान कर तथा समिति पदाधिकारियों को सम्मानित कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं।





इसी क्रम मे समारोह को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रेमावती ने श्री गोविन्द जन सेवा एवं गौ विज्ञान समिति द्वारा जनपद हरदोई मे जनसेवा भाव से संचालित कार्यों की सराहना करते हुएए क्षेत्रवासियों से समिति द्वारा प्रारम्भ गौ संरक्षण कार्यों से प्रेरणा प्राप्त करने तथा जन कल्याणकारी कार्यों मे निस्वार्थ भाव से सहभागी बनने का आह्वान किया।

स्थापना दिवस समारोह मे प्रमुख रुप से अध्यक्ष नवीन गल्ला मंडी हरदोई श्यामा कुमार गुप्ता टीटू, अध्यक्ष गोपाल गौशाला संदीप गुप्ता, योग गुरु हरिवंश सिंह, समिति अध्यक्ष गोविन्द गुप्ता, समिति महिला अध्यक्ष विनीता पांडेय तथा कैलाश नारायण गुप्ता सहित क्षेत्रवासी, मातृशक्तियां व् समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांव बाबरपुर पहुंचे विधायक रानू सिंह ने राहत एवं बचाव कार्य का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**पाली ( हरदोई )।** गर्रा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव प्रभावित हुए हैं, क्षेत्रीय विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू रविवार को पाली क्षेत्र के बाबरपुर गांव पहुंचे और यहां उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यक्रम का निरीक्षण कर अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बाबरपुर में विधायक रानू सिंह ने गर्रा नदी के कटान से जिन लोगों के मकान नदी में समा गए हैंए उनको एवं अतिवृष्टि में जिनके मकान गिर गए हैं उन्हें दैवीय आपदा के तहत सहायता राशि दिलाने तथा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने का संबंधित को निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों के लिए शासन स्तर से सभी अधिकारियों कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं, कि वह अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहें और स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता करें। विधायक ने कहा कि वह बाबरपुर गांव को कटान से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे और शासन स्तर पर प्रस्ताव देकर नदी की धारा को गांव से अलग करने का प्रयास करेंगेए जिससे भविष्य में नदी के कटान से ग्रामीणों को अपने घर नहीं खोने पड़ेंगे। विधायक पाली गर्रा पुल पर भी पहुंचे और यहां उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर ग्राम उमरिया में कुलदीप मिश्रा और अनुज मिश्रा के द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री कीट वितरित किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, राजस्व निरीक्षक विजय मौर्या के अलावा विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान किशन राम, भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा, दीपांशु सिंह, शिव देव बाजपेई, अनुज मिश्रा विवेक प्रताप सिंह मोनू, बाबू बाजपेई आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन जन समस्याओं के लिए होना चाहिए: पम्पू यादव



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** समाजवादी पार्टी हरदोई की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में संपन्न हुई आज की बैठक का एजेंडा वोटर लिस्टों की दुरस्त करण फर्जी वोटर डुप्लीकेट वोटर एक ही परिवार के वोटरों को अलग-अलग बूथो पर बोटर लिस्टो में नाम अंकित होना नए वोटरों को बनवाना स्नातक चुनाव के वोटरों को बनवाना बी एल ए की नियुक्ति पी डीए की बैठकों को सुचारू रूप से चलने लाचार कानून व्यवस्था खाद पानी बिजली जनपद में हो रही हत्याओं के खिलाफ 15 सितंबर 2025 को समाजवादी पार्टी हरदोई के द्वारा ज्ञापन जिला अधिकारी को प्रेषित करने का रखा गया है जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी रामबली वर्मा ने कहा कि सपा का कार्य कर्ता अखिलेश यादव के साथ है और उन्हें 2027 में प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएगी पूर्व सांसद उषा वर्मा ने कहा कि आम आदमी की कोई ना कोई समस्या होती है खाद पानी बिजली दवाई जैसी घटनाएं आम आदमी की समस्याएं हैं और आए दिन घटनाएं घटने की जगह घटनाएं बढ़ रही है आपसी मतभेद बुलाकर बीजेपी से लड़ना होगा और वोट बढ़ाने के लिए मंथन कर उसे पर कार्य करना होगा और पीडीए के कार्यक्रम को आगे बढ़ना होगा राजेश्वरी देवी ने कहा कि आने वाले भविष्य में समाजवादी पार्टी ही सत्ता में आएगी और हम सबको सड़कों पर निकल कर बीजेपी से लड़ना होगा पूर्व प्रत्याशी पदमराग सिंह यादव पम्मू ने कहा की हर माह में एक समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन जन समस्याओं के लिए होना चाहिए जनपद में कोई भी घटना क्रम घटे उसमें सपा के नेता सबसे पहले पहुंचे आज समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी नेता प्रदीप कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की पार्टी के जिला अध्यक्ष ने सभी को माल्यार्पण का स्वागत किया और जिला अध्यक्ष ने कहा कि उनके मान सम्मान की रक्षा समाजवादी पार्टी करेगी दिनांक 15 सितंबर 2025 को को हरदोई जनपद की खाद पानी बिजली को लेकर प्रदर्शन करेगी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने एमएलसी चुनाव और वोटर लिस्टों की गड़बड़ियों पर अपने विचार रखें।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में न्मैब्प्रारंभिक अर्हता परीक्षा च्म्ज् 2025 को सूचितापूर्णए नकलविहीनए निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु राजकीय इंटर कॉलेज हरदोईए आर्य कन्या महाविद्यालय व सनातन धर्म इण्टर कालेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कालेज में हो रही परीक्षा एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में संबंधित से जानकारी ली तथा लाकर रूम व सीसी टीवी कैमरों को देखाए एवं ड्यूटीरत कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्मिकों को निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के आस.पास भीड़ आदि इकट्ठा न होने दें और बाहरी व्यक्तियों पर नजर रखें।



## संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम नैरा में एक बुजुर्ग किसान ने शनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर कोतवाली कछौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के ग्रामसभा लोन्हारा के नैरा गांव निवासी मुन्ना (65) पुत्र छेदा उम्र शनिवार की रात घर में लोहे के पाइप में गमछा से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक गांव के बाहर घर में अकेला रहता था। परिवार के अन्य सदस्य जीविकोपार्जन के लिए बाहर रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था। इसी के चलते अवसाद में आकर फाँसी लगाकर आत्महत्या का मामला प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर युवा, बुजुर्ग, शराब के आदी हैं। नशा आर्थिक नुकसान होने के साथ पारिवारिक कलह और लड़ाई झगड़ा का अहम कारण है। जिस पर अंकुश लगाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।



मृतक की फाइल फोटो

## नौकरी के नाम पर 7 लाख की ठगी, फर्जी नियुक्ति पत्र देकर की धोखाधड़ी

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र में नौकरी के नाम पर युवकों से 7 लाख की दागी कर ली। फर्जी नियुक्ति पत्र देकर अपने खाते में साढ़े छह लाख रूपये जमा करवा लिए।मोहल्ला खट्टा जमाल खान निवासी संतोष तिवारी पुत्र स्व0 राम गोपाल तिवारी थाना शाहाबाद द्वारा करीब 3 वर्ष पूर्व लखनऊ के मोहल्ला गोमतीनगर निवासी गौरव तिवारी पुत्र काली प्रसाद व काली प्रसाद पुत्र नामालूम से सीएचसी शाहाबाद में मुलाकात हुई तिवारी ने कहा कि आपके बच्चे की हम सरकारी नौकरी मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ में लगवा देगें। जिससे मेंने अपने पुत्र हिमासु तिवारी व हिमांशु तिवारी के मित्र धर्मद्र कुमार पुत्र ओमकार नि ग्राम महमदपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जिला शाहजहांपुर एवं रंजीत कुमार पुत्र जगन्नाथ नितासी ग्राम खुमारीपुर कस्बा व थाना शाहाबाद को लेकर सीएचसी शाहाबाद लेकर आया और गौरव कुमार तिवारी व उनके पिता काली प्रसाद मिले दोनों ने एक राय चोकर आपराधिक षडयंत्र झांसा देते हुए मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ में नौकरी लगवाने के लिए मेरे पुत्र हिमांशू तिवारी व धर्मेन्द्र कुमारएएवं रंजीत कुमार से उन 2 लाख रूपये की मांग की तथा काली प्रसाद ने गौरव तिवारी के खाता संख्या 5869000100016596 दिया 2 लाख फेन पे के लिए गौरव कुमार तिवारी का मोबाइल नम्बर 9453721234 दिया। जिसमें थोड़े.थोडे करके पैसे कई बार में अपने बेटे ध्रुव तिवारी, हिमांशू तिवारी एवं हिमांशु के साथी धर्मेन्द्र व रंजीत द्वारा गौरव तिवारी को कोन पे व एकाउंट नम्बर पर ट्रान्सफर करते हुए कई बार में 6.80,000/– रूपया व नगद 30,000/– रूपये इस प्रकार मेरे द्वारा कुल 7 लाख 10 हजार रूपया गौरव तिवारी के फोन पे व उसके एकाउंट में दिया गया था। इसके बाद गौरव तिवारी ने मेरे बेटे हिमांशू तथा साथी धर्मेन्द्र एवं राजीत का फर्जीध्कूट रचना करते हुए नियुक्त पत्र दिनांक 07.12.2021 बना कर दिए, जिसकी कापी दे रहा हूँ जिसे लेकर हिमांशू तिवारी, धर्मेन्द्र, रंजीत नौकरी के लिए प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज गया तो उन्होंने यह फर्जी कूट रचित नियुक्ति पत्र बताते हुए कालेज से भगा दिया। फर्जी नियुक्ति पत्र के बारे में मेरे द्वारा गौरव तिवारी व उसके पिता काली प्रसाद को बताया तो गौरव तिवारी व उनके पिता काली प्रसाद द्वारा कोरोना काल का हवाला देते हुए सात्वना दी कि बाद में इसी मेडिकल कालेज में ज्वाइनिंग हो जाऐगी। इसके बाद कई बार मेरे द्वारा ज्वाइनिंग के लिए कहा तो गौरव तिवारी ने कहा कि प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज में भर्ती फुल है वहां नही हो पाएगा। मैं आपके बेटे हिमाशू एवं हिमांशू के साथी रंजीत व धर्मेन्द्र की नौकरी इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रुप डी की नौकरी लगवाने का प्रलोभन दिया यह बात नवम्बर 2022 की है। गौरव तिवारी व उसके पिता द्वारा मुझसे नौकरी के नाम पर ठगी की गयी है। अब जब में अपने पैसे की मांग करता हूं तो मुझे आज कल कह कर टरका देता है। कई बार कहने पर गौरव तिवारी ने मेरे बेटे हिमांशू के नाम 2,90,000/– रूपया का चेक एडीएफसी बैंक चेक नम्बर 000004 दिनांक 17.10.2022 को दिया। जिसे मेरे बेटे द्वारा बैंक में लगाया गया तो बैंक कर्मी ने बताया कि पैसा नहीं निकल पाएगा खाते में पैसा नहीं है। तथा एक जमा पर्ची मेरे पुत्र के बैंक आफ बड़ौदा में खाता नम्बर 32148700029146 में 2,50,000/– रूपये की जमा करने की पर्ची दिया। जब मेरे द्वारा खाते में पैसा की जानकारी की गयी तो मेरे बेटे के खाते में पैसा का न आना बताया गया। इसके बाद पैसा लेने का फिर छल कपट किया तथा एक चेक पंजाब नेशनल बैंक संख्या 293095 की चेक मेरे बेटे रिणाम तिवारी के नाम 1,00,000/– रूपये की चेक दी। इस चेक को जब बैंक में लगाया गया तो बैंक कमी ने पैसा न होने की बात कही। इसके बाद मेरे व्हाट्सएप पर नेट के द्वारा 1,50,000/– रूपया दिनांक 23.03.2024 को ट्रान्सफर करने को बताया मेरे द्वारा जब बैंक जाकर चेक किया गया तो जानकारी हवी कि मेरे खाते में कोई पैसा नहीं आया है। इस प्रकार केवल मुझे पैसा देने की बात कहकर कर रहे हैं तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देते हैं। तथा बराबर गुमराह करता रहा है लेकिन पैसा नहीं दिया। जब पैसे के लिए कहते हैं तो पैसा न देने के लिए हीलाहवाली पैसा दिलाया जाए तथा मेरे साथ की गयी ठगी/कुट रखना कर नियुक्ति पत्र तैयार किए जाने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# ऑडिशन में प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

■ हरदोई मेला महोत्सव के अंतर्गत हुआ गायन व नृत्य का ऑडिशन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बहु प्रतीक्षित हरदोई मेला महोत्सव के ग्यारहवें सीजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसीक्रम मे रविवार को शहर के श्रीश चंद्र बारातघर में नृत्य व गायन प्रतियोगिता के प्रथम चरण के ऑडिशन का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया।

ऑडिशन की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित व विशिष्ट अतिथि सामाजिक संस्था नेकी की दीवार के संयोजक शचींद्र मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन व भगवान गणेश व माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि प्रीतेश दीक्षित ने कहा कि हरदोई मेला महोत्सव प्रतिभाओं को निखारने का काम करता आ रहा है जो कि सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि शचींद्र मिश्र ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करते है। नृत्य प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में दिव्य, आराध्या, अनुष्का, अवनी, प्राची, अंजलि, कनिष्क व आद्या सहित बयालीस बच्चों ने, जूनियर वर्ग में आयुष्मान, शिवांश, आर्यन, लाईबा, वैष्णवी, वाची, स्नेहा व प्रज्ञा सहित छब्बीस बच्चों ने व सीनियर वर्ग में अंजरी, कृति, अपूर्व, लव, आस्था व अमन सहित बारह बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका गौरव शुक्ला ने निभाई। वहीं गायन प्रतियोगिता के ऑडिशन में अभी, शिवांगी, यश्वी सहित पांच बच्चों ने, जूनियर वर्ग में कृति, अपूर्व, आस्था, लव व अंजरी सहित दस व सीनियर वर्ग में सार्थक, कार्तिक, सृजन, सरस्वती, नेहा व पलक सहित सोलह बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका रवि तिवारी ने निभाई। संचालन कुलदीप द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य आयोजक रवि किशोर गुप्ता, अजीत शुक्ल, आयुषी रस्तोगी, रज्जन सिंह, नवल किशोर, करुणा शंकर द्विवेदी, विपिन मिश्रा, शरद कश्यप, अनुज सिंह, अतिशय पाण्डेय, शिवाय श्रीवास्त्व, शिवा, स्नेह, आयुष आदि रहे।

## आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल की शिकायत पर राष्ट्रीय राजमार्ग-731 गड्ढामुक्त



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** लखनऊ से हरदोई हाईवे एनएचएआई-731 का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा आवागमन सुचारु रूप से चालू है। बरसात के कारण मार्ग में सण्डीला क्षेत्र में मिट्टी धसने से कई जगह गहरे गड्ढे हो गए। वही मार्ग पर छुट्टा गौवंशो के चहलकदमी, लोगों में यातायात नियमों की जागरूकता की कमीए गलत दिशा में वाहन चलाने व अपनी दिशा की परिधि में न चलने के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा होता है । इस पूरे मामले की शिकायत आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने शासन से की। जिस पर क्षेत्रीय अधिकारी व परियोजना निदेशक द्वारा लखनऊ हरदोई हाईवे का भ्रमण कर अधीनस्थ अधिकारियों को तत्काल व्यवस्थाएं ठीक कराने का निर्देश दिए गए।

सड़क पर त्वरित गड्डों को सही कर दिया गया। मंत्री के इस कदम से आमजन को आवागमन में राहत मिली हैं। वहीं अनहोनी दुर्घटनाओं से बचाव में एक सार्थक कदम हैं। इस तरह से जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से बुनियादी सुविधाएं ठीक रहती हैं। जनप्रतिनिधि को जमीनी स्तर पर कार्य करने से आमजन के लोकप्रिय हो जाते हैं। छोटी सी सावधानी और सड़कों पर गड्ढा मुक्त होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

यातायात नियमों को कड़ाई से पालन की नितांत आवश्यकता है। लोगों में हाईवे पर चलने के नियम न पता होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं। मंत्री के इस प्रयास की जनपदवासियों के काफ़ी सराहना की।

# धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में युवक गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पिहानी ( हरदोई )।** युवक ने की इस्लाम धर्म पर विवादित पोस्ट, आरोपी पर पुलिस ने की कार्रवाई भेजा जेल।

पिहानी कस्बे में स्पेशल ग्रुप नामक एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर युवक ने इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब और उनकी पत्नी हजरत आयशा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। जैसे ही यह विवादित पोस्ट वायरल हुईए मुस्लिम समुदाय में गहरा आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पिहानी चेयरमैन प्रतिनिधि मोण् सैफ की अगुआई में मुस्लिम धर्मगुरुओं और सैकड़ों स्थानीय लोगों ने कोतवाल को लिखित शिकायत दर्ज कराईएऔर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पूरे कस्बे में पुलिस अलर्ट मोड पर रही। और चप्पे.चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है। कोतवाल ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुएएकहा कि किसी भी अफ्वाह पर ध्यान न दें। वहींएपुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा। जो माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा पुलिस पूरी जिम्मेदारी के साथ दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी।

# सीखना ही परिवर्तन की कुन्जी: कुरसठ फॉउण्डेशन

**कुरसठ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कुरसठ फाउंडेशन द्वारा गायत्री मंदिर प्रांगण में अर्धदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संचालन में मंदिर के पुजारी रामचंद्र जी का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला के दौरान योगराज सिंह ने बच्चों को सीखने की निरंतरताश् (Continuity in Learning) विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों को पत्रलेखन की विलुप्त हो रही परंपरा और महत्ता से अवगत कराते हुए उन्हें अपने विचारों को लेखनविधि के माध्यम से अभिव्यक्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों को डाक टिकट भी वितरित किए गए, ताकि वे अपने प्रियजनों और स्वजनों को डाक के माध्यम से पत्राचार करते हुए कुशलक्षेम जान सकें। दिल्ली से पधारे शिशुपाल प्रजापति ने शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन के सिद्धांत (Theory of Change) पर आधारित सहभागी कार्यशाला का क्रियान्वयन किया। इस सत्र में बच्चों को समझाया गया कि शिक्षा में छोटे-छोटे बदलाव किस प्रकार दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन कर सकते हैं तथा गतिविधियों और सहभागिता आधारित तरीकों से बच्चों को सक्रिय रूप से जोड़कर सीखने की निरंतरता के महत्व को सरल भाषा में समझाया। कार्यशाला के दौरान बच्चों में सकारात्मक रुचि, सहभागिता और उत्साहपूर्ण वातावरण रहा। बच्चों ने पत्रलेखन गतिविधि को अतिउल्लास से अपनाया और इसे एक नया अनुभव बताया। अंत में, सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों को बिस्कुट के पैकेट योगराज सिंह द्वारा वितरित किए गए और शिशुपाल प्रजापति ने धन्यवाद देते हुए कार्यशाला का समापन किया तथा उक्त कार्यशाला बच्चों में सीखने के प्रति उनके दृष्टिकोण में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। उपस्थित नगरवासियों एवं अभिभावकों ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए नियमित प्रतिमाह एक नवीन जीवनकौशल से संबंधित कार्यशाला आयोजित करने की कुरसठ फाउंडेशन को सलाह दी।



## जलविहार मेले में जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अनन्त चतुर्दशी मेला के उपलक्ष्य में नगर के संकेत कुश गेस्ट हाउस में जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के दिनेश कनौजिया, रामू कश्यप व मनीष तिवारी ने किया। दोनों टीम बराबरी पर रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कानपुर के लालमन चंचल ने गणेश वंदना व सरस्वती स्तुति से किया। बाराबंकी से पधारी ज्योति कमल एवं लालमन चंचल कानपुर के मध्य बहुत ही बेहतरीन रोचक मुकाबला हुआ जहां ज्योति कमल ने अपनी मधुर आवाज में भक्ति भावना की अलख जगाते हुए श्रोताओं को भगवान भोलेनाथ एवं श्रीराम की जीवनशैली से जुड़े प्रेरणात्मक प्रसंग सुनाकर मंत्रमुग्ध किया वहीं लालमन चंचल कानपुर ने सवाल जबाब देकर महफ़िल में समां बांधा और श्रोताओं को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। अन्तिम पहर में लालमन चंचल कानपुर ने एक गीत के माध्यम से समाज में शराब को सर्वाधिक घातक बताते हुए सभी को नशीले पदार्थों से बचकर रहने के लिए प्रेरित किया।लालमन चंचल कानपुर एवं ज्योति कमल बाराबंकी के बीच जवाबी कीर्तन का धुआंधार मुकाबला बराबरी पर रहा। सुबह तक परिसर में महिला व पुरूष की भारी भीड़ रही। आयोजक मण्डल टीम में हिमांशू मोहन दीक्षित, मनीष तिवारी गौरव कश्यप राकेश सिंह शिवाकांत शाका प्रतीक गुप्ता शिवा, रामनरेश आर्य, शुभम गुप्ता अवनीश तिवारी राजू कश्यप अंकित कश्यप आदि ने अपना विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्राए बेनीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष रूपेश, रामू कश्यप दिनेश कनौजिया विजय कुमार अनुज कुमार आनंद सैनी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।



## तेज रफ्तार डम्पर ने बाइक सवार को पीछे से कुचला, मौके पर हुई मौत

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** डॉक्टर से दवाई लेकर मां के साथ जा रहा बाइक सवार युवक को डम्पर ने पीछे से कुचल दिया। नाराज परिजन पुलिस को शव को उठाने नही दिया। वह लोग सड़क पर बैठ गए। सीओएव एसडीएम ने परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा। थाना क्षेत्र के गांव सुमेरगंज निवासी अंकित (20) पुत्र बाबूराम रविवार को लगभग 11 बजे अपनी माँ कुंती को दवा दिलाकर घर जा रहा था। नयागांव मार्ग ग्राम सहिजना के सामने अनियंत्रित डम्पर ने पीछे से टक्कर मार दिया।टक्कर लगने से कुंती छिटककर दूर गिर गयी। वही बाइक सहित अंकित को डम्पर ने कुचल दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।ड्राइवर डम्पर छोड़कर भाग गया ।घटना की सूचना परिजनों को मिली तब उन लोगो ने शव को पुलिस को उठाने से मना कर दिया। नाराज परिजन सड़क पर बैठ गए उन्हें पुलिस ने मार्ग से हटाया। एसडीएम बिलग्राम एन राम व सीओ रवि प्रकाश ने पिता बाबूराम को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसडीएम ने परिजनों को आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

## चौराहे पर खड़ी मारुति वैन पर ट्रक पलटा, मारुति वैन हुई चकनाचूर

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मंडी से मक्का लेकर जा रहा ट्रक चौराहे पर पलट गया। सड़क किनारे खड़ी मारुति वैन ट्रक के नीचे दब कर चकनाचूर हो गई। शनिवार आधी रात में मंडी से मक्का लेकर लखनऊ जा रहा था। कस्बे के मुख्य चौराहे पर ट्रक ड्राइवर ट्रक से नीचे उतर गया। ढाल पर खड़ा ट्रक बैक हो गया। ट्रक चौराहे पर स्थित आनंदेश्वर मंदिर पर पलट गया वही मंदिर के पास खड़ी मारुति भी नीचे दब गई। मारुति थानाक्षेत्र के गांव इकसई निवासी अम्बरीष की है। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## जिम में रुपये को लेकर मारपीट

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिम में रुपए कम करने को लेकर मारपीट हुई। चार लोगों ने जिम संचालक को मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर चारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। थानाक्षेत्र के गांव हसन पुर ज्योली निवासी रामासरे राठौर ने दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसने चौराहे पर जिम खोला है 5 सितंबर को ग्रेविटी जिम में जिम करने वाले हर्षित सोनी, पारस गुप्ता, उत्तम शुक्ला निवासी माधौगंज और अरुण कुमार उर्फछोटे भइया निवासी क्योटी ख्वाजगीपुर शाम 5 बजे आकर जिम की शुल्क कम करने को लेकर विवाद कर दिया। मना करने पर उक्त चारों लोगों ने गाली गलौज कर मारा पीटा जिससे उसे चोटे आई पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

## मासिक काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन सेवा समिति, हरदोई के तत्वावधान में सदन सभागार में मासिक काव्य गोष्ठी में कविगणों ने अपनी रचनाओं से हास्य व्यंग्य के साथ राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना बिखेरी। सदन अध्यक्ष एवं कवि श्रवण कुमार मिश्र राही ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। कवियों ने काव्य गोष्ठी की निरंतरता से साहित्य की धारा को प्रवाहित करने के लिए श्री सरस्वती सदन के प्रयासों की सराहना की। कवयित्री आकांक्षा गुप्ता ने वाणी वन्दना से काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ किया। साथ ही विसंगति को उजागर किया. मेरा संघर्ष है इक उपन्यास.सा, किन्तु हिस्से में बस पटकथाएँ मिलीं। गीतकार दिव्यांश शुक्ला ने छलछन्दों पर अपने काव्य बाण चलाये. राजकुल पर ही दांव लगने लगेए एकलव्यों को फिर से छला जाएगा। कवि गीतेश दीक्षित ने स्वाभिमान और स्वावलम्बन को प्राथमिकता देते हुए कहा. जो गुरुओं ने किताबों से पढ़ाया याद है हमको, किसी की पीठ को सीढ़ी बन चढ़ना नहीं आया। शायर आलम रब्बानी ने अपनी रचना से राष्ट्रभाषा हिन्दी को संबल दिया. मैं तीर हूं तुलसी का मैं खुसरो की कमान हूंए हिन्दी है नाम मेरा मैं भारत की जबान हूं। कवि वैभव शुक्ल ने प्रेम से काव्य के अंकुरण को गाया. मन की पावन पृष्ठभूमि पर शब्दों की तुरपाई कविताए जिसने प्रेम किया है उसने एक बार तो गाई कविता। व्यंगकार अनिल मदन ने पूर्वजों के श्राद्ध की बजाय जीवित मां।बाप की सेवा को अपनी रचना से सही ठहराया. विदा हुए संसार से देकर प्यार अगाध, श्रद्धा ज्ञापन है उन्हें पितृपक्ष या श्राद्ध। अध्यक्षता करते हुए गीतकार श्रवण कुमार मिश्र राही ने गीत प्रस्तुत किया. आदमी जिन्दा है लेकिन मर गयीं संवेदनाएँ क्या करें, इसलिए तो व्यर्थ होकर लौट जातीं प्रार्थनाएं। संचालन महेश मिश्र ने किया। कार्य समिति सदस्य गिरीश डिडवानिया, पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्र, राधेश्याम सहित सदस्य व श्रोतागणों ने कविताओं का आनन्द लिया।



## शांति की ओर मणिपुर

निस्संदेह, पिछले दो वर्ष से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर सकते हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। मई, 2023 में मैतेई और कूकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा होगी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। उनका यह भी आरोप रहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की स्थिति के नियंत्रण में अपनी विफलता के बावजूद एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद पर बनाये रखा था। इससे बढ़कर यह भी कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन पर तटस्थता न दिखाने और हिंसा के प्रति संवेदनहीन बने रहने के आरोप भी लगाए गए। कालांतर विपक्ष के दबाव के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से लेकर अब तक राज्य राष्ट्रपति शासन के तहत संचालित है। वहीं हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्ज़ा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। निश्चय ही, सामान्य स्थिति की ओर बढ़ने के लिये मोदी सरकार को अब समय नहीं गवांना चाहिए। निस्संदेह, मणिपुरियों ने पहले ही इस राहत के लिये बहुत लंबा इंतजार किया है। यह अच्छी बात है कि कूकी-जो काउंसिल ने अलग से राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को खोलने का फैसला लिया है। यह राजमार्ग मणिपुर से होकर गुजरता है। निस्संदेह, इस कदम से जहां राज्य में जीवन की जरूरी चीजों की आपूर्ति सरल होगी, वहीं विस्थापित परिवारों और राहत शिविरों में हालात के चलते रह रहे नागरिकों की मुश्किलें कम हो सकेंगी। वहीं पिछले कुछ महीनों से राज्य में जारी शांति की स्थिति को स्थायी बनाने की दिशा में शासन-प्रशासन की ओर से गंभीर प्रयासों की जरूरत है। सुखद यह भी है कि समझौते में कूकी संगठनों ने अपने शिविरों की संख्या कम करने तथा हथियारों को निकटवर्ती बीएसएफ और सीआरपीएफ शिविरों में पहुंचाने पर भी सहमति जतायी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि समझौते के मुद्दों पर सतर्क निगरानी के साथ राज्य में स्थायी शांति का वातावरण बन सकेगा।

> **केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है।**

# स्वास्थ्य सुधारों की नई इबारत है शिशु मृत्यु दर में ऐतिहासिक गिरावट

डॉ. निवेदिता शर्मा

> **भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आँकड़े बताते हैं कि आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में देश ने उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। देखने में यही आ रहा है कि एक दशक पहले जहाँ शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 40 थी, वहीं अब यह घटकर 25 तक पहुँच गई है। यह 37.5 प्रतिशत की गिरावट केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे योजनाओं और प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। 2014 से पहले भी मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़ी योजनाएँ मौजूद थीं, किंतु उनका लाभ अंतिम छोर तक सीमित रूप से ही पहुँच पाता था। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन योजनाओं को नए दृष्टिकोण के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय देखभाल की सुविधा दी।**

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में स्वास्थ्य सेवाएँ हमेशा से एक जटिल चुनौती रही हैं। सीमित संसाधन, बड़ी जनसंख्या, ग्रामीण-शहरी असमानता और स्वास्थ्य ढाँचे की कमजोर स्थिति ने लंबे समय तक इस क्षेत्र को अपेक्षित ऊँचाई तक पहुँचने से रोके रखा। इसके बावजूद हाल के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज होना उत्साहजनक संकेत है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आँकड़े बताते हैं कि आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में देश ने उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। देखने में यही आ रहा है कि एक दशक पहले जहाँ शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 40 थी, वहीं अब यह घटकर 25 तक पहुँच गई है। यह 37.5 प्रतिशत की गिरावट केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे योजनाओं और प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। 2014 से पहले भी मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़ी योजनाएँ मौजूद थीं, किंतु उनका लाभ अंतिम छोर तक सीमित रूप से ही पहुँच पाता था। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन योजनाओं को नए दृष्टिकोण के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय देखभाल की सुविधा दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सकें। इसी दिशा में जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसे प्रयासों ने सुरक्षित प्रसव की दर बढ़ाई और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को घटाया। नतीजतन, शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी दर्ज हुई। आँकड़े बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में यह दर 44 से घटकर 28 और शहरी क्षेत्रों में 27 से घटकर 18 पर आ गई। यह बदलाव संकेत करता है कि स्वास्थ्य सेवाएँ अब गाँव-गाँव तक पहुँचने लगी हैं। शिशु मृत्यु दर में गिरावट का सबसे अहम कारण टीकाकरण का व्यापक कवरेज है। 2017 में शुरू हुआ इंटेंसिफाइड मिशन इंद्रधनुष बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। जहाँ पहले टीकाकरण की दर सीमित थी, वहीं अब यह 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुँच चुकी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने जो 200 करोड़ से अधिक टीके रिकॉर्ड समय में लगाए, भारत के संदर्भ में यह प्रयास स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ ही प्रशासनिक दक्षता का भी उदाहरण है। भारत की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर सराही गई। यानी हम अब टीकाकरण अभियान की निर्णायक भूमिका में पहुंच चुके हैं, जिसके कि आज सार्थक परिणाम भी दिखाई देते हैं। मोदी सरकार ने 2018 में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर योजना शुरू कर 1.5 लाख से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा। इन केंद्रों में अब सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ टेली मेडिसिन, गैर-संक्रामक रोगों की जांच और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। ई-संजीवनी नामक डिजिटल टेलीमेडिसिन सेवा ने गाँव-गाँव तक डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श की सुविधा पहुँचाई। लाखों लोग इस सेवा से लाभान्वित हुए और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अधिक समावेशी बनी। यह तकनीकी प्रयोग स्वास्थ्य क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ता है। इस प्रयास से भी बच?चों की मृत?यु दर में भारी कमी आ सकी है। शिशु मृत्यु दर घटने का एक बड़ा कारण पोषण योजनाओं का विस्तार है। राष्ट्रीय पोषण मिशन या 'पोषण अभियान' ने आंगनवाड़ी केंद्रों को मज़बूत किया और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएँ लागू कीं। पोषण ट्रैकर ऐप और जन-जागरूकता अभियानों ने पारदर्शिता व दक्षता को बढ़ाया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान ने अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य सुधार में अहम योगदान दिया। खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता की आदतों ने संक्रामक रोगों की रोकथाम में भूमिका निभाई। यही कारण है कि शिशु और मातृ स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार देखने को मिला। स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2014 में स्वास्थ्य पर खर्च जीडीपी का लगभग 1.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 2 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। हालाँकि यह वैश्विक औसत से अब थोड़ा कम है, किंतु सुधार की दिशा में महत?वपूर्ण कदम है। इससे बच?चों के स?वास?थ?य हित में भारी इजाफा संभव हो सका है। वहीं, उल?लेखित रूप से नई मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, एम्स जैसे संस्थानों का विस्तार, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती तथा डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत इस निवेश की मूर्त उपलब्धियाँ हैं। इनसे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ऐसे में यदि वर्तमान गति और प्रतिबद्धता बनी रही तो 2030 तक भारत न केवल सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करेगा बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य नेतृत्व का भी उदाहरण बनेगा। समग्र रूप से देखें तो शिशु मृत्यु दर का 25 तक पहुँचना भारत की स्वास्थ्य यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि केवल सरकारी नीतियों का परिणाम नहीं बल्कि समाज की जागरूकता और भागीदारी की भी गवाही देती है। केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सुधारों ने इस विश्वास को मजबूत किया है कि यदि योजनाओं का सही दिशा में और प्रभावी क्रियान्वयन हो तो बड़े से बड़े लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। आज जो दिखाई दे रहा है, वह यह है कि भारत अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ स्वास्थ्य सेवाएँ केवल इलाज तक सीमित नहीं बल्कि गरिमामय जीवन और सामाजिक समानता से जुड़ी हुई हैं। यही इस यात्रा का सबसे बड़ा संदेश है। भविष्य की दृष्टि से भारत का लक्ष्य स्पष्ट है। कुपोषण में उल्लेखनीय कमी, मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर तक लाना और शिशु मृत्यु दर को 12 से नीचे लाना प्रमुख उद्देश्य हैं। वास?तव में बच?चों के हित ये कदम आज के भारत की बहुत बड़ी सफलता है।

# भारत की चिप क्रांतिः सपनों से साकार होती हकीकत

डॉ सत्यवान सौरभ

> **भारत आज उस ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है जहाँ सपने केवल सपने नहीं रह गए हैं, बल्कि नये यथार्थ का रूप ले चुके हैं। दशकों तक जिस देश को तकनीक के क्षेत्र में उपभोक्ता भर समझा जाता था, वही देश आज निर्माता, आपूर्तिकर्ता और नवप्रवर्तक बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है।**

भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विश्व स्तर पर अपनी तकनीकी पहचान बनाई है। गुजरात और कर्नाटक में चिप पार्क, विदेशी निवेश और शिक्षा संस्थानों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को गति दी है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन 2025 में भारत ने सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभों पर बल देकर तकनीक को साझा भविष्य का आधार बताया। यह चिप क्रांति न केवल आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और आत्मगौरव की नई उड़ान भी भर रही है। भारत आज उस ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है जहाँ सपने केवल सपने नहीं रह गए हैं, बल्कि नये यथार्थ का रूप ले चुके हैं। दशकों तक जिस देश को तकनीक के क्षेत्र में उपभोक्ता भर समझा जाता था, वही देश आज निर्माता, आपूर्तिकर्ता और नवप्रवर्तक बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण की दिशा में भारत के प्रयास इसी परिवर्तन की सबसे सशक्त गवाही देते हैं। यह केवल तकनीकी विकास का संकेत नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आत्मगौरव, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की उड़ान भी है। चिप अथवा सेमीकंडक्टर आज के युग की सबसे अनिवार्य धुरी है। बीसवीं शताब्दी में तेल ने जैसे विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था को संचालित किया था, उसी प्रकार इक्कीसवीं शताब्दी में चिप वैश्विक शक्ति संतुलन का आधार बन चुकी है। आधुनिक जीवन का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, स्मार्ट यंत्र, वाहन, रेल, हवाई जहाज, रक्षा उपकरण, उपग्रह, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नत यंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोट तककृहर क्षेत्र में चिप की अनिवार्यता स्पष्ट दिखाई देती है। इसीलिए जो राष्ट्र इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त है, वही आने वाले समय में विश्व की राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाएगा। भारत की स्थिति लंबे समय तक इस क्षेत्र में कमजोर रही। भारी पूंजी निवेश, लगातार ऊर्जा और जल संसाधनों की आवश्यकता, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी और अनुसंधान की उपेक्षा जैसे कारणों से भारत पिछड़ता रहा। चीन, ताइवान, अमेरिका और कोरिया जैसे देशों ने इस स्थिति का लाभ उठाकर वैश्विक बाजार पर प्रभुत्व कायम किया और भारत को केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार के रूप में देखा जाने लगा। किन्तु राष्ट्रों के जीवन में भी ऐसे क्षण आते हैं जब परिस्थितियाँ बदली हुई राह पर चलने को बाध्य करती हैं। भारत के लिए भी यही अवसर बीते कुछ वर्षों में आया और उसने चुनौती को अवसर में बदलने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुए 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में नया उत्साह जगाया। इन अभियानों ने यह संदेश दिया कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता भी बनेगा। वर्ष 2021 में घोषित भारत सेमीकंडक्टर मिशन ने इस संकल्प को ठोस आधार प्रदान किया। इसके अंतर्गत गुजरात और कर्नाटक में चिप निर्माण पार्क स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रारम्भ हुआ। ताइवान, जापान और अमेरिका की कंपनियों ने भारत में निवेश और सहयोग की इच्छा प्रकट की। अरबों डॉलर के निवेश प्रस्ताव आए और अनुसंधान संस्थानों को सीधे इस अभियान से जोड़ा गया। कोविड महामारी ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला की कमजोरियों को उजागर कर दिया। जब चीन और ताइवान के कारखाने ठप पड़े तो पूरी दुनिया में मोबाइल, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का संकट खड़ा हो गया। कीमतें बढ़ीं, उत्पादन ठप हुआ और उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उस कठिन दौर में भारत ने महसूस किया कि तकनीकी आत्मनिर्भरता केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता का भी प्रश्न है। तभी भारत ने यह अवसर पहचाना और अपने को आपूर्ति शृंखला का विश्वसनीय केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए। वर्ष 2025 में चीन के तियानजिन नगर में सम्पन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। भारत ने यहाँ अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभ प्रस्तुत किए। भारत ने कहा कि तकनीक केवल व्यापार और उद्योग का विषय नहीं, बल्कि साझा सुरक्षा, स्थायी संपर्क और सामूहिक अवसर का आधार है। सेमीकंडक्टर विकास और डिजिटल नवाचार को सामूहिक प्राथमिकता बनाने का भारत का आह्वान इस सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। तियानजिन घोषणा पत्र में भारत की यह दृष्टि परिलक्षित हुई, जिससे यह प्रमाणित हो गया कि विश्व समुदाय भारत के बढ़ते तकनीकी महत्व को स्वीकार कर रहा है। भारत ने इस प्रयास को केवल उद्योग तक सीमित नहीं रखा है। शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान केन्द्रों और स्टार्टअप्स को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। आईआईटी, एनआईटी और अन्य विश्वविद्यालयों में चिप डिजाइनिंग, नैनोटेक्नोलॉजी और एंबेडेड सिस्टम से जुड़े पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं। युवाओं को अनुसंधान और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रकार आने वाली पीढ़ी को तकनीकी नेतृत्व सौंपने की ठोस तैयारी की जा रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत का यह अभियान रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास का भी आधार बनेगा। अनुमान है कि आने वाले दस वर्षों में इस क्षेत्र से दस लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। निर्माण, डिजाइनिंग, परीक्षण और वितरण के स्तर पर नये उद्योग और स्टार्टअप्स उभरेंगे। यह केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम होगा। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। रक्षा उपकरणों और उपग्रह तकनीक में आत्मनिर्भरता बढ़ने से भारत की रणनीतिक स्थिति सुदृढ़ होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में भी भारत का प्रभाव बढ़ेगा। स्पष्ट है कि चिप निर्माण केवल उद्योग की आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता से भी गहरे रूप से जुड़ा है। हालाँकि, चुनौतियाँ अभी भी शेष हैं। बिजली और जल की सतत आपूर्ति, अनुसंधान में निरंतर निवेश, वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा और पर्यावरणीय संतुलन जैसी बाधाएँ इस यात्रा को कठिन बना सकती हैं। किंतु सरकार, उद्योग और समाज के संयुक्त प्रयास से इन चुनौतियों का समाधान अवश्य होगा। भारत ने जिस आत्मविश्वास और संकल्प के साथ इस यात्रा का आरम्भ किया है, उससे यह स्पष्ट है कि वह पीछे मुड़कर देखने वाला नहीं। आज भारत की चिप क्रांति केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता की कहानी नहीं, बल्कि यह आत्मगौरव, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की महागाथा भी है। उम्मीदों की चिप सचमुच हौसलों को पंख दे चुकी है। बीसवीं शताब्दी में तेल ने जैसे विश्व व्यवस्था को बदला, उसी प्रकार इक्कीसवीं शताब्दी में चिप और तकनीक वैश्विक नेतृत्व का निर्धारण करेगी। भारत ने इस क्षेत्र में अपने कदम दृढ़तापूर्वक बढ़ा दिए हैं और अब उसका सपना धीरे-धीरे साकार होता दिख रहा है।

# मातृत्व का अपमानः बिहार की राजनीति पर असर

ललित गर्ग

> **बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विपक्षी नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क एवं जनभावनाओं को आहत करने वाले है। प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए।**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की माताजी के संबंध में कांग्रेस और राजद के मंच से जो अभद्र व अशालीन शब्द कहे गए, उसने न केवल राजनीतिक वातावरण को कलंकित किया है, बल्कि पूरे देश की संवेदनाओं को भी आहत किया है। भारत में माँ केवल एक परिवार की सदस्य नहीं होती, वह मातृत्व का प्रतीक है, करुणा और संस्कार की धारा है, जीवन की प्रथम शिक्षिका है। किसी भी माँ के लिए अपमानजनक टिप्पणी वस्तुतः संपूर्ण मातृत्व का अपमान है। इसलिए जब किसी दल के नेता राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते प्रधानमंत्री की माताजी को अपशब्द कहते हैं, तो यह प्रधानमंत्री पर नहीं बल्कि हर उस भारतीय पर चोट करता है, जिसने अपनी माँ को श्रद्धा और सम्मान के उच्चतम स्थान पर रखा है, यह भारतीय संस्कृति एवं तहजीब का भी अपमान है। यही कारण है कि यह घटना केवल राजनीतिक विवाद नहीं रही, यह एक सामाजिक-नैतिक प्रश्न बन गई है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विपक्षी नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क एवं जनभावनाओं को आहत करने वाले है। प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? लोकतंत्र में असहमति होना स्वाभाविक है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, उसका दायित्व भी है। परंतु आलोचना और अभद्रता में बहुत बड़ा अंतर है। जब राजनीतिक संवाद विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों से हटकर व्यक्तिगत और पारिवारिक अपमान तक पहुँच जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा पर आघात होता है। विपक्ष को सरकार की योजनाओं, उसकी कमियों या विफलताओं पर सवाल उठाने चाहिए, लेकिन यदि वे प्रधानमंत्री की माँ को निशाना बनाएंगे, तो जनता इसे राजनीतिक परिपक्वता की कमी, विकृत राजनीति और हताशा का प्रतीक ही मानेगी। इतिहास साक्षी है कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गाली-गलौज की गई है, तब-तब यह उनके लिए सहानुभूति और समर्थन का कारण बना है। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय से ही अनेक अवसर आए, जब कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने मोदी पर अशालीन एवं अभद्र टिप्पणियां की हैं लेकिन विपक्षी नेताओं ने अब सारी हदें लांघते हुए उन पर राजनीतिक छिद्रान्वेषण से हटकर व्यक्तिगत हमले करके, उनकी पृष्ठभूमि और उनके परिवार को लेकर अपमानजनक शब्द कह कर राजनीतिक मर्यादाओं का हनन किया है। लेकिन हर बार जनता ने इसका उत्तर मोदी के पक्ष में समर्थन देकर दिया। 2019 के आम चुनाव में भी जब अपशब्दों की बाढ़ आई, तो मोदी और भी सशक्त होकर सामने आए। जनता ने मानो यह संदेश दे दिया कि जो व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत गरिमा और पारिवारिक मर्यादा का स्वयं उत्तर नहीं देता, बल्कि मौन रहकर केवल अपने राष्ट्र विकास के कार्यों से जवाब देता है, वही उनकी सहानुभूति का अधिकारी है। यही कारण है कि मोदी पर गाली की हर चोट उनके समर्थन को और व्यापक बना देती है। मोदी को कोई भी गाली कभी भी कमजोर नहीं कर सकती। भारतीय मतदाता भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह केवल तर्क और आँकड़ों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसके निर्णय में संवेदनाएँ और संस्कार भी बराबरी से भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री की माता जी पर की गई टिप्पणी ने इस संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। भारतीय समाज के लिए माँ केवल परिवार की धुरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक भी है। इसीलिए जब माँ पर आघात हुआ, तो जनता ने इसे मोदी के परिवार का नहीं बल्कि अपने परिवार का अपमान माना। यह भावनात्मक जुड़ाव विपक्ष की रणनीति को उल्टा कर देता है और मोदी के लिए जनसमर्थन का कारण बन जाता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। एक समय राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को केवल गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। लेकिन आज कांग्रेस मोदी के खिलाफ काफी कुछ बोल चुकी हैं, कभी रावण तो कभी नीच, कातिल, शैतान, मौत का सौदागर जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया है। जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो लम्बी सूची है। चाहे सानिया हो या राहुल, चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम, खडगे और प्रियंका गांधी। इन नेताओं ने बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। बिहार के चुनावी परिदृश्य पर इस घटना का गहरा असर पड़ना स्वाभाविक है। यहाँ की राजनीति पहले से ही जातीय समीकरणों, आर्थिक पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों में उलझी हुई है। विपक्ष अपने लिए जगह बनाने के लिए संघर्षरत है, परंतु वह जनता को कोई ठोस और विश्वसनीय विकल्प देने में असफल रहा है। ऐसे में जब उसके नेता अभद्रता पर उतर आते हैं, तो जनता का विश्वास और भी कम हो जाता है। वह सोचने लगती है कि जिन नेताओं के पास शब्दों की गरिमा और तर्क का बल नहीं है, वे शासन और प्रशासन की मर्यादा कैसे संभालेंगे? इसीलिए बिहार की जनता ऐसी अभद्रता का समर्थन नहीं करेगी और इसका सीधा असर विपक्ष की चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा। यह भी एक गहन प्रश्न है कि विपक्ष आखिर किस हद तक गिरेगा? क्या लोकतंत्र अब केवल गाली-गलौज और व्यक्तिगत अपमान तक सीमित रह जाएगा? क्या राजनीति में विचारों और सिद्धांतों की जगह अब विकारों और अशालीनता ने ले ली है? यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। प्रधानमंत्री मोदी पर गाली-गलौज की हर घटना उनके व्यक्तित्व को और दृढ़ बनाती है। वे स्वयं बार-बार कहते रहे हैं कि उन्हें जितनी गालियाँ मिलेंगी, वे उतनी ही शक्ति से देश सेवा में लगेंगे। उनके इस धैर्य और संयम ने उन्हें जनता के बीच एक अलग पहचान दी है। जनता यह अनुभव करती है कि जो व्यक्ति व्यक्तिगत अपमान को भी सह लेता है, लेकिन जनता की सेवा से विचलित नहीं होता, वही सच्चा नेतृत्वकर्ता है। यही कारण है कि उनके विरोधियों की अभद्रता अंततः उन्हीं पर भारी पड़ती है। विपक्ष को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सफलता केवल आलोचना से नहीं मिलती, बल्कि वैकल्पिक नीतियों और रचनात्मक दृष्टि से मिलती है। केवल मोदी विरोध करना ही राजनीति का उद्देश्य नहीं हो सकता। जनता को चाहिए कि विपक्ष विकास की कोई ठोस योजना प्रस्तुत करे, रोजगार और शिक्षा की स्थिति सुधारने का मार्ग दिखाए, स्वास्थ्य और किसान समस्याओं पर गंभीरता से बात करे। यदि वे यह सब नहीं कर सकते और केवल गाली-गलौज की राजनीति करेंगे, तो उनका हश्र वही होगा जो बार-बार होता आया है। जनता उन्हें नकार देगी और उनके अपशब्द मोदी के लिए समर्थन की नई ऊर्जा बनेंगे। यदि विपक्ष अपनी भाषा और व्यवहार पर संयम नहीं रखेगा, तो न केवल उसकी साख गिरेगी बल्कि लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी आहत होगी।

# शिक्षकों की खुशहाली के लिए सीएम ने किये कई महत्वपूर्ण कार्य : एमएलसी

- व्यवसायिक शिक्षकों को दिये गये नियुक्त पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त किए गए 1510 व्यवसायिक शिक्षकों (अनुदेशकों ) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का संजीव प्रसारण आज जनपद बांदा के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनपद में आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, एमएलसी बाबूलाल तिवारी एवं जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने जनपद के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित नव नियुक्त अनुदेशकों एवं आईटीआई के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 8 वर्षों में अनेको महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में स्किल इंडिया एवं कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिफेंस कारिडोर की स्थापना बुंदेलखंड में की जा रही है। उन्होंने नवनियुक्त अनुदेशक से कहा कि वह अपने पद एवं दायित्व का कुशलता से निर्वहन करें।उन्होंने कहा कि कौशल विकास में विद्यार्थी आत्मनिर्भर होकर स्व रोजगार प्राप्त कर सकेंगेस उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास एवं स्किल इंडिया तथा नॉनवेज संदेशों का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होगा। कार्यक्रम में एमएलसी बाबूलाल तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं तथा गत दिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की खुशहाली के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में आज अनुदेशकों को व्यवसायिक शिक्षा में शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहे हैं सउन्होंने कहा कि सरकार निरंतर पारदर्शी एवं निष्ठा के साथ नियुक्तियां प्रदान कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रही हैस उन्होंने कहा कि रात दिन मेहनत करने वालों को नियुक्ति पत्र अनुदेशकों के प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने नवनियुक्त अनुदेशकों से कहा कि वह अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से निर्वहन करें। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य, के साथ निरंतर आगे बढ़ाने की कामना की। कार्यक्रम में माव जल शक्ति राज्य मंत्री, एमएलसी ,जिला अध्यक्ष भाजपा एवं जिलाधिकारी ने जनपद बांदा के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जिसमें निलेश सेगर, सिया राज सिंह ,आलोक कुमार, अजीत सिंह, कुमारी अर्चना शिवहरे, श्रीमती सोनम अहिरवार, प्रदीप कुमार पटेल, निहाल यादव, विनय सिंह ,विनोद कुमार ,राहुल कुमार तथा श्रीमती रंजना कुशवाहा एवं अन्य अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बैरिकेटीगों का हुआ उद्घाटन

- भगवत प्रसाद अकादमी द्वारा छह बैरिकेटेंगे सड़क सुरक्षा हेतु की गईं प्रदान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज एवं संयुक्त सचिव श्री अजय मिश्रा उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ/विजिलेंस प्रयागराज, मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा/समन्वयक चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ.पीयूष मिश्रा एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति जनपद बांदा/समाज सेवी श्री सुनील सक्सेना द्वारा भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी बांदा में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों,शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिव राज जी द्वारा शिक्षकों में नियमों के प्रति जवाब देह तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता पर बल दिया। संयुक्त सचिव/विजिलेंस,प्रयागराज द्वारा सुरक्षित लेन में ही वाहन चलाने तथा ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतने की अपील की इसी क्रम में मंडलीय मास्टर ट्रेनर/समन्वयक डॉ.पीयूष मिश्रा द्वारा शिक्षकों को एक नोडल शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए छात्रों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु तत्पर रहकर एक आदर्श नागरिक का कर्तव्य निभाने की अपील की।जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य/समाजसेवी सुनील सक्सेना ने बांदा जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु समाज के हर वर्ग को मदद हेतु आगे आने की जरूरत बताई। वही अपर एसपी शिव राज जी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा श्री दिनेश कुमार जी को शहर के प्रमुख विद्यालयों से अपील करने की बात कही कि वे बेरिकेटिंगस का निर्माण करवा कर अपने-अपने विद्यालयों के सौजन्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा स्लोगन लिख कर यातायात पुलिस का सहयोग कर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास करने में सहयोग करें।

## संक्षिप्त समाचार

### परियर क्षेत्र में गंगा उफान पर, दर्जनों गांवों में घुसा पानी, राहत शिविरों में पहुंचे लोग



परियर (उन्नाव)। सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। रविवार शाम तक यह 113 मीटर तक पहुंच गया, जो खतरे के निशान के करीब है। गंगा के विकराल रूप से इलाके में बाढ़ का संकट गहराने लगा है। हजारों बीघे फसल जलमग्न हो गई है और ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मानाबंगला, ललतूपुरवा, महानंदापुरवा, टपरा, अतरी, बहरौला, पनपथा, जुड़ापुरवा, बाबूबंगला और वंदनपुरवा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। मरौंदा से पनपथा जाने वाला मार्ग जलमग्न हो गया है, जिससे ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। लेखपाल प्रदीप कुमार ने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए नावें तैनात कर दी गई हैं। लोग ऊंचे स्थानों और बाढ़ राहत शिविरों में शरण ले रहे हैं। पिछले महीने आई बाढ़ से प्रभावित लोग अभी पूरी तरह घर भी नहीं लौट पाए थे कि एक बार फिर गंगा के उफान ने परेशानी बढ़ा दी है।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

पैलानी(बाँदा)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पैलानी इकाई की मासिक बैठक रविवार को कस्बे के राजेश्वरी कान्वेंट स्कूल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष मुहम्मद यासिर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महामंत्री शिवम सिंह मौजूद रहे। बैठक में पत्रकारों के बीमा और पेंशन को लेकर महामंत्री शिवम सिंह ने चर्चा की गई। महामंत्री शिवम सिंह ने बताया कि आगामी 16 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बांदा को सौंपा जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक में स्थानीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीकांत ने सवाल उठाया कि सच्चे पत्रकारों को अपेक्षित सम्मान क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने चाटुकार पत्रकारों के बहिष्कार की मांग की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार तोप सिंह ने पत्रकारिता की मूलभूत जिम्मेदारियों और उसकी सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा पत्रकारों को ईमानदार और जनहितकारी पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया। अंत में तहसील अध्यक्ष मुहम्मद यासिर ने सभी पत्रकारों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की। बैठक में सरताज साह, रज्जब खान, लक्ष्मीकांत, अनुपम, तोप सिंह, सीरजध्वज तिवारी, शुभम तिवारी, फैजान, महबूब सहित दर्जनों ग्रामीण पत्रकार उपस्थित रहे।

### ग्राम अरबई में जरूरतमंदों को किया गया बृहद कपड़ा वितरण

बांदा। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज,मनु बंसल,अरुणेश सिंह के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कोषाध्यक्ष इरफ़ान खान की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में,ग्राम प्रधान धनंजय सिंह ग्राम अरबई ब्लाक बड़ोखर खुर्द तहसील व जनपद बाँदा की उपस्थित में बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स,घड़ी आदि का वितरण ग्राम अरबई के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली और सदस्य जगदीश श्रीवास के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े,किताबें, जूते चप्पल,पर्स,घड़ी आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, शाखा प्रमुख खाईपार इरफ़ान खान चाँद आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### पत्नी से झगड़ा करने के बाद पति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

बबेरू/बांदा। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विनवठ गांव में एक 30 वर्षीय युवक ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद बीती रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विनवठ गांव निवासी विनोद सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह उम्र करीब 30 वर्ष यह शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि पत्नी से झगड़ा करने के बाद अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो देर रात पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से निकालकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक विनोद सिंह की तीन माह पहले सविता के साथ शादी हुई थी, मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। घटना को देखते हुए मृतक की मां कुसुम कली पत्नी सविता देवी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस का कहना है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पखरौली गांव में आरोग्य मेले का आयोजन

बबेरू/बांदा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पखरौली गांव में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें 40 मरीजों को देखा गया सबसे ज्यादा बुखार जुखाम के मरीज पाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पखरौली गांव में आरोग्य मेले का आयोजन हर रविवार को किया जाता है जिसमें डा कमलेश वार्ड व्याय चन्द्र शेखर के द्वारा मरीजों को देखकर उपचार किया जाता है जिसमें मेले में 40 मरीजों का पंजीयन किए गए जिसमें सबसे ज्यादा बुखार मरीज आए और बुखार जुखाम खांसी पेट दर्द सहित तमाम मरीज देखे गए। इस दौरान प्रशान्त सहित स्टाफ मौजूद रहा अधीक्षक डा. ऋषिकेश ने बताया सिमौनी रयान शिव भभुवा पखरौली मझीवा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे 260 मरीज देखे गये।

## चंपापुरवा में सेंधमारी से हड़कंप, सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध

शुक्लागंज (उन्नाव)। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा इलाके में बीती रात चोरों ने सेंध लगाकर एक घर से बक्सा चोरी कर लिया। सुबह खाली बक्सा मोबाइल टावर के पास पड़ा मिला। घटना से मोहल्ले में सनसनी फैल गई। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और लौट गई। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। चंपापुरवा मनसुखखेड़ा निवासी सोहनलाल ने बताया कि वे पत्नी कृष्णावती के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। रात करीब एक बजे चोर घर के पीछे की दीवार काटकर कमरे में घुसे और अंदर रखा बक्सा उठा ले गए। सुबह पड़ोसियों ने टूटी दीवार देखी तो सोहनलाल को खबर दी। घर के अंदर जाकर देखा तो बक्सा गायब था। इसी बीच, कुछ ग्रामीणों ने जानकारी दी कि उनके घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर मोबाइल टावर के पास बक्सा पड़ा है।

# पितृपक्ष के पहले दिन गंगातट पर उमड़ी भीड़



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज (उन्नाव)। पितृपक्ष की शुरुआत रविवार से हुई। पहले ही दिन गंगातट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने गंगा में खड़े होकर अपने पितरों का तर्पण किया और पंडों को दान-दक्षिणा दी। वातावरण में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का माहौल नजर आया। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने पितृपक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि पितरों में अर्यमा नामक पितर स्वयं वे ही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को पितृपक्ष के दौरान घरों में गीता पाठ करने की सलाह दी। उनके अनुसार गीता पाठ से पितरों को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पितृपक्ष के प्रथम दिन एक अनोखी परंपरा भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने रूठे हुए परिजनों को पानी पिलाकर मनाने का प्रयास किया। मान्यता है कि ऐसा करने से मांगलिक कार्यों में बाधा नहीं आती। साथ ही यह परंपरा परिवार के सदस्यों के बीच संबंधों को मजबूत करने और आपसी मतभेद दूर करने का सांकेतिक संदेश देती है।

## शुक्लागंज में लगा जन आरोग्य मेला, 114 मरीजों की हुई जांच, मुफ्त दवाइयां वितरित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज (उन्नाव)। रविवार को राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए मरीजों को इस दौरान परामर्श के साथ दवाइयां भी मुफ्त में दी गईं। मेले में एलोपैथिक चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता और विमल किशोर सिंह ने मरीजों को परामर्श दिया और दवाइयां वितरित कीं। अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कुल 114 मरीजों की जांच की गई। इनमें चर्म रोग, पेट व लीवर संबंधी बीमारियों, सांस की तकलीफ, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी, सर्दी-जुकाम, बुखार से पीड़ित मरीजों के साथ गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहीं।

# पितृपक्ष नदी–तालाबों में तर्पण करने वालों की उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। कहते हैं कि जिनके सिर पर पितरों का हाथ नहीं होता, उन पर भगवान भी कृपा नहीं करते। रविवार से पितृपक्ष आरंभ हो गया है। अपने पितरों को जलांजलि व तिलांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में केन नदी, नवाब टैंक समेत विभिन्न तालाबों में भीड़ लगी रही। लोगों ने संसार सागर से विदा ले चुके अपने पूर्वजों को याद करते हुए श्रद्धा के साथ तर्पण कर उनसे आशीर्वाद मांगा। देवताभ्यरू पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च, नमः स्वाहायै स्वधायै च नित्यमेव नमो नमः।सनातन धर्म में पितरों को विशेष मान्यता प्रदान की गई है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में लिखा है बाढ़हिं पुत्र पिता के धरमा।' कहा जाता है कि जिसके पितर प्रसन्न रहते हैं, उस पर परमात्मा भी कृपा करते हैं। इसीलिए माता-पिता और वृद्धों की सेवा बताई गई है। वर्ष में एक पखवाड़ा पितरों के नाम किया गया है। इन दिनों में वे लोग जिनके माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका होता है, वे उन्हें जलांजलि देते हैं। मान्यता है कि इन्हीं दिनों में दिया गया जल उन्हें प्राप्त होता है। तिथियों के अनुसार इन्हीं दिनों में श्राद्धकर्म भी होता है, जिसमें पितरों का पूरी श्रद्धा के साथ पूजन करने के बाद गाय, कुत्ता और कौओं का भाग निकाला जाता है। मान्यता है कि गाय देव रूप है और कौए को पितृ के समकक्ष दर्ज़ा दिया जाता है।जल देने का क्रम भाद्रपद मास की पूर्णिमा से आरंभ हो जाता है और अमावस्या तक चलता है। देव ऋण और पितृ ऋण से उऋण होने का यही एक माध्यम है। पितृपक्ष आरंभ होने के साथ ही शुभ कार्यों पर पूरी तरह विराम लग गया। नई चीजों की खरीदारी बंद होने से बाजारों की रौनक खत्म हो गई।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1748 मरीजों का किया गया उपचार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जनपद में रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को कुल 1748 मरीजों का उपचार किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण के लिए जिम्मेदारी दी गयी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय कुमार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलरहा पश्चिम, शमशाबाद व मंझनपुर का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 57 चिकित्साधिकारी व 129 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 1748 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया तथा 14 मरीजों को मेडिकल कालेज संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 65 गोल्डेन कार्ड एवं 116 आभा आईडी भी बनाये गये।

## भादिन में श्रीराम–कृष्ण जलविहार महोत्सव का भव्य आयोजन

पुरवा (उन्नाव)। क्षेत्र के भादिन गांव स्थित श्रीराम दरबार प्रांगण में रविवार को भगवान श्रीरामचंद्र और श्रीकृष्ण का जलविहार महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण और भक्त जुटे। आयोजन समिति से जुड़े रमेश चंद्र बाजपेई और रुद्र बाजपेई ने महोत्सव में पहुंचे गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। भक्तों ने श्रीराम दरबार के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रत्नम चौरसिया एडवोकेट, पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी अवधेश कुमार, विनोद रावत, स्वयंवर राजपूत, लक्ष्मण प्रसाद लोधी, राजकुमार लोधी, धुन्नर लोधी, दिनेश कनौजिया, शिवप्रसाद लोधी, अनुराग तिवारी और आशीष बाजपेई समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# नव चयनित अनुदेशकों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया नियुक्ति पत्र



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिला पंचायत कल्पना सोनकर द्वारा रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में नव चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकरवद्वार दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नवचयनित अनुदेशक-आकांक्षा पांडेय, कुमारी मनीषा, कुसुम यादव, सीमा पाल व सुनीता कुशवाहा को नियुक्ति-पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास, प्रधानाचार्य रूद्र कुमार गौतम सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर व सिराथू के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे द्य इस दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया जिसे उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।

## बारिश से घर से गिरने से आधा दर्जन लोग हुए बेघर

बबेरू/बांदा। बारिश के चलते मंठा गांव के स्वराज पुरवा में आधा दर्जन रिहायशी मकान गिर जाने से पीड़ित बेघर हो गए। ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाए जाने मांग की। रास्ते में जल भराव होने के चलते आने जाने में दिक्कत होती। शीघ्र रास्ता बनवाए जाने मांग किया। विकास खंड बबेरू के ग्राम पंचायत मंठा गाव के स्वराज पुरवा में 200 के आबादी वाले पुरवा में बारिश के चलते रामदास, रामसजीवन, बेटा, बोधनिया, शोभा सिंह, रामनरेश, प्रेमचन्द ने बताया कि बारिश के चलते रिहायशी कच्चे मकान भरा भरकर गिर गए, और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अभी किसी भी प्रकार की सहायता धनराशि नही मिली। मेन रोड से पुरवा तक सड़क न होने के कारण जल भरा रहता है। और जिससे स्कूली बच्चों को आने जाने में गिरने का डर बना रहता। बारिश के चलते 11000 की विद्युत लाइन के खंभे गिर जाने से विद्युत रोड में पड़ी है और गांव के ही अमर सिंह, नीरज, प्रभाकांत, कृष्ण कुमार, रामस्वरूप आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी अभिनाश त्यागी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव अस्थाई गौशाल संचालित है।

# संकटमोचन मंदिर परिसर में बनेगा आधुनिक नगरीय प्रचारिणी पुस्तकालय

- प्राधिकरण की बैठक में मिली मंजूरी
- 72वीं बोर्ड बैठक में बड़ा निर्णय
- बांदा में शिक्षा और सांस्कृतिक विकास को मिलेगा नया आयाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। शहर में शिक्षा और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। बांदा विकास प्राधिकरण की 72वीं बोर्ड बैठक में संकटमोचन हनुमान मंदिर महोबा रोड स्थित भूखंड पर नागरीय प्रचारणीय पुस्तकालय के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं प्राधिकरण की उपाध्यक्ष महोदया ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-1 के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए अधिशाषी अभियंता को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

डीएम/उपाध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि तत्काल आगणन, डीपीआर, ड्राइंग और डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत की जाए, ताकि आगे की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि शहर के विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन हेतु आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बांदा विकास प्राधिकरण, बांदा के सचिव मदन मोहन वर्मा ने बताया कि 72वीं बोर्ड बैठक का यह निर्णय बांदा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पुस्तकालय का निर्माण उच्च गुणवत्ता और आधुनिक डिजाइन के साथ कराया जाएगा, जिससे शहर वासियों को अध्ययन व शोध कार्य में विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि नगरीय प्रचारिणी पुस्तकालय का मॉल पीडब्ल्यूडी वाले आर्किटेक्ट से तैयार करा रहा है, ताकि इसका स्वरूप आधुनिक और आकर्षक हो सके। संकटमोचन मंदिर परिसर धार्मिक महत्व का केंद्र होने के साथ-साथ सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पुस्तकालय के निर्माण से मंदिर परिसर का महत्व और बढ़ जाएगा तथा शहरवासियों को अध्ययन और ज्ञानार्जन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध होगा।

## धूम धाम से निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

बांदा। रविवार को मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन छोटी बाजार से भगवान महावीर की शोभायात्रा निकली ,चांदी के विमान मे भगवान को विराजमान कराकर शोभायात्रा निकाली गई। जो छोटी बाजार से महावीर चौक,(झंडा चौक) ,ब्लखंडी नाका होते हुए कटरा जैन मंदिर पहुंची जहा पर भगवान का विधि विधान से अभिषेक हुआ आरती हुई। तदुपरांत शोभायात्रा कटरा जैन मंदिर से बलखंडी नाका, माहेश्वरी देवी, चौक बाजार ,कोतवाली होते हुए वापस महावीर चौक जैन मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ भगवान की आरती हुई ,पुष्प वर्षा हुई जयकारे की घोष के साथ लोग ,,भगवा- कि चौहर कर रहे थे डांडिया खेल रहे थे वही महिलाये भक्ति भाव से भगवान के भजन गा रही थी। भगवान महावीर का क्या संदेश जियो और जीने दो ,खाली हाथ आया जग में हाथ पसारे जायेगा आदि नारे लग रहे थे पुरा बतावरण भक्तिमय हो गया था। भ्रमण के उपरांत शोभा यात्रा बापस जैन मन्दिर पहुंची जहा पुनः भगवन को बेदी मे विराजमान कराया।

# यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने से नदी से जुड़े आधा दर्जन गांव के रपटों में भरा पानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत औगासी यमुना नदी का फिर से जल स्तर बढ़ने लगा है। जिसमें यमुना नदी से जुड़े बाकल, जलालपुर,मँझिवा, मिर्ज़ापुर में जो निकालने के लिए रपटा बना हुआ था,जिससे लोगों का आवागमन होता था, लेकिन यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने से रपटे के ऊपर से सड़क के ऊपर पानी बहने लगा है। जिससे आने-जाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है रपटों के ऊपर तीन से चार फूट पानी भर गया है, जिससे लोगों का आवागमन नाव के माध्यम से ही हो रहा है, अगर यमुना नदी का जलस्तर कम नहीं हुआ तो कई गांव बाढ़ की चपेट पर आ जाएंगे। वही बाकल गांव के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि गया प्रसाद के द्वारा आज रविवार की शाम जानकारी देते हुए बताया कि यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने लगा है।

जिससे रपटे के ऊपर पानी भर गया है। और जो रपटा बना हुआ था। जिससे औगासी और बाकल जाने वाला रास्ता था, उसके ऊपर से पानी भर गया है, जिससे आवा गमन बाधित,है,जिस गांव के लोगों के निकलने के लिए नाव लगाई गई है, चार पहिया वाहन दो पहिया वाहन पर रोक लगा दी गई है। ताकि किसी प्रकार का खतरा न हो सके।

# खीरी में दूसरे दिन भी सकुशल संपन्न हुई पीईटी परीक्षा

## डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- 26 केंद्रों पर 16463 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 5137 रहे अनुपस्थित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 का आयोजन रविवार को जिले के 26 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रशासन ने परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने पर राहत की सांस ली।

परीक्षार्थियों की उपस्थिति नोडल अधिकारी, एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि प्रथम पाली : 10800 परीक्षार्थियों में से 8162 सम्मिलित हुए, 2638 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली : 10800 में से 8301 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2499 अनुपस्थित रहे।

इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 16463 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5137 ने परीक्षा छोड़ी। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रविवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, ला मार्टिना स्कूल, आर्य कन्या महाविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से उपस्थिति-अनुपस्थिति का ब्योरा लिया, कक्ष निरीक्षकों से ओएमआर शीट सीलिंग प्रक्रिया की जानकारी की तथा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहे और परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि टीम भावना से किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि परीक्षा जिले में निर्विघ्न सम्पन्न हो सकी।

### हैदराबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



अजान खीरी। हैदराबाद पुलिस टीम ने पीतपुर मार्ग पर छापेमारी कर जगीश नामक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी जगीश पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम घुग्घुलपुर थाना हैदराबाद खीरी का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में म0उ0नि0 महादेवी, का0 तरुण कुमार और का0 शिवेंद्र कुमार शामिल थे। आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# वीर जवानों की याद में टेन-ए-साइड डिस्ट्रिक्ट लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सिंगाही, खीरी। कस्बे के स्थानीय खेल मैदान में भारत के वीर जवानों की याद में आयोजित टेन-ए-साइड डिस्ट्रिक्ट लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत खुशदीप कौर ने वेलकम बैक लगाकर किया। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने दीप शाह सभासद राहूल गुप्ता के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच सिंगाही एकेडमी और शाइनिंग स्टार क्लब सिंगाही के बीच खेला गया। मैच के पहले और दूसरे हाफ में दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर सकीं। अंततः शाइनिंग स्टार क्लब सिंगाही की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस अवसर पर सलाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद इमरान, अमान खान, रोहित, आतिफ, पराक्रम शाह, जावेद, अब्दुल हमीद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में फुटबॉल के प्रति उत्साह और बढ़ावा मिलेगा, साथ ही वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का एक अच्छा माध्यम भी बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला चौकी इंचार्ज की नियुक्ति से बिगड़ती जा रही ढकवा चौकी क्षेत्र की कानून व्यवस्था

अजान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में स्थित ढकवा चौकी की कानून व्यवस्था महिला चौकी इंचार्ज की नियुक्ति के बाद से लगातार बिगड़ती जा रही है। इस चौकी क्षेत्र में चोरी, मारपीट, जुआ और अवैध शराब का काला कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। चौकी क्षेत्र में रात के समय पुलिस सहायता मिलना असंभव हो गया है, जिससे क्षेत्र के गांवों में मारपीट और चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। चौकी में तैनात चार कांस्टेबलों में से एक कांस्टेबल अक्सर जिला मुख्यालय या थाना का चक्कर लगाता रहता है, जिससे चौकी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो गई है। जब चौकी इंचार्ज को जिला मुख्यालय या कोर्ट जाना होता है, तो एक कांस्टेबल को हमराही की भूमिका में साथ जाना पड़ता है, जिससे लगभग 20 गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दो कांस्टेबलों के कंधों पर रहती है। इससे चौकी पर आए फरियादियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या बिना पुलिस सहायता के वापस लौटना पड़ता है। पीड़ित थाने या उच्चाधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिलता है। सरकार ने पुलिस चौकियों का निर्माण आम नागरिकों को सस्ता और सुगम न्याय प्रदान करने के लिए किया था, लेकिन ढकवा चौकी क्षेत्र में स्थिति इसके विपरीत है। अब सवाल यह उठता है कि क्या महिला चौकी इंचार्ज की नियुक्ति से नागरिकों को न्याय मिल पाएगा या इसमें सुधार होगा।

### 18वीं मंजिल की बालकनी से नीचे गिरकर किशोर की मौत

गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश में जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना बिसरख क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एक किशोर शनिवार की देर रात को 18वीं मंजिल से नीचे गिरकर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिसरख थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्रीन आर्च सोसाइटी में सोसाइटी में नवीन भगोत्रा अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा प्रद्युम्न (13) 18वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट की बालकनी में खड़ा होकर बाहर का नजारा देख रहा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया।हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में रोना-पीटना मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। यहां के लोगों का कहना है कि बालकनी के रैलिंग की ऊंचाई कम होने से यह घटना हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### आधार कार्ड बनाने का फर्जी सॉफ्टवेयर बेचने वाला इंजीनियर बरेली से गिरफ्तार

बरेली। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बरेली से उस साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जो पिछले दो वर्षों से देशभर में हजारों लोगों को आधार कार्ड बनाने का फर्जी सॉफ्टवेयर बेचकर करोड़ों की ठगी कर चुका था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जयवीर गंगवार पुत्र मेवाराम निवासी राजेंद्र नगर, थाना प्रेमनगर, बरेली के रूप में हुई है। एसटीएफ ने बताया कि जयवीर ने कम्प्यूटर साइंस से बीटेक किया है और पहले नोएडा की एक आईटी कंपनी में नौकरी करता था। नौकरी छोड़ने के बाद उसने आधार कार्ड बनाने का नकली सॉफ्टवेयर तैयार किया और फ़ेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों पर इसका विज्ञापन डालकर बेचने लगा। सॉफ्टवेयर की कीमत प्रति व्यक्ति 1000 से 1500 रुपये रखी गई थी। ठगी का तरीका यह था कि वह एनीडेस्क के जरिए खरीदार के कम्प्यूटर में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करता और आईडी-पासवर्ड देकर भरोसा दिलाता। लेकिन सॉफ्टवेयर काम नहीं करता था। शिकायत करने पर जयवीर और पैसे मांगता और बाद में फोन बंद कर देता। अब तक वह उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात समेत कई राज्यों के 2000 से ज्यादा लोगों को ठग चुका है। गिरफ्तारी के समय एसटीएफ ने उसके पास से एक लैपटॉप, एक मोबाइल, दो फर्जी आधार कार्ड और चार एटीएम/डेबिट कार्ड बरामद किए। जयवीर को शनिवार रात सुभाष नगर पुलिया से बरेली जंक्शन जाने वाले मार्ग पर दबोचा गया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

# नाव हादसे से प्रभावित महिला के घर पहुँची तहसील प्रशासन की टीम, दी खाद्यान्न सामग्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। तहसील लखीमपुर के ब्लॉक नकहा क्षेत्र में घटित नाव पलटने की घटना से प्रभावित महिला माधुरी के आवास पर रविवार को तहसील प्रशासन की टीम पहुँची। यह भ्रमण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशों के अनुपालन में किया गया।

नायब तहसीलदार सुनील कुमार द्वितीय, लेखपाल शैलेंद्र मिश्रा एवं अजय गौरव ने प्रभावित महिला को फल एवं खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई। टीम के अधिकारियों ने प्रभावित महिला को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की आवश्यकता पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नायब तहसीलदार ने महिला को ढांढस बंधाते हुए यह भी अवगत कराया कि आगे की आवश्यकताओं के लिए प्रशासन निरंतर संपर्क बनाए रखेगा। इस दौरान ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उधर, राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। रविवार सुबह एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह तहसील टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे, एनडीआरएफ की टीम नदी में लापता व्यक्ति की तलाश कर रही है। एसडीएम ने स्वयं मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### नगर पंचायत मैलानी में सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास पर प्रतिक्रिया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। कल नगर पंचायत मैलानी में कुछ दलाल तत्वों द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। किंतु नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री भवानी शंकर माहेश्वरी, पत्रकार बंधुओं, आम नागरिकों तथा दोनों समुदायों के समझदारीपूर्ण निर्णय एवं आपसी सहयोग से यह प्रयास असफल हो गया और नगर में शांति व भाईचारा कायम रहा। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि नगरवासी किसी भी प्रकार की अफवाहों व असामाजिक तत्वों को सफल नहीं होने देंगे। ऐसे दलालों का समाज से बहिष्कार ही उनके लिए सबसे बड़ी सजा है। गौरतलब है कि उनकी मंशा लाठीचार्ज एवं मुकदमे दर्ज करवाने की थी, किन्तु जनता के विवेकपूर्ण निर्णय ने उनकी नापाक योजना पर पानी फ़ेर दिया। इस दौरान किसी भी पक्ष पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि दोनों समुदायों ने आपसी समझौते से मामले को सुलझाया।

# बेजुबानों के मसीहा बने चिंटू पुरी, पशु पक्षियों की सेवा में हमेशा अग्रणी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकलां खीरी। जनपद खीरी के समाजसेवी चिंटू पुरी ने निस्वार्थ सेवा की मिसाल कायम करते हुए बेजुबानों के लिए नई राह दिखाई है। दिन रात गौ सेवा और घायल पक्षियों की देखभाल में लगे चिंटू पुरी प्रशासन व समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चिंटू पुरी सड़क हादसों में घायल गायों और आवारा पशुओं को तुरंत उपचार दिलवाते हैं और उनकी देखरेख स्वयं करते हैं। गर्मियों में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था तथा सर्दियों में उनके लिए सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना भी उनका नियमित कार्य है। चिंटू पुरी का कहना है कि ल्लबेजुबान अपनी व्यथा कह नहीं सकते, इसलिए उनका दर्द समझना और उनकी मदद करना इंसान का परम कर्तव्य है।

जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों में उनकी सेवाभावना की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे समाजसेवी प्रयासों को प्रशासनिक स्तर पर भी प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि और अधिक लोग पशु पक्षियों की सेवा से जुड़ सकें।

# एनएमओ काशी प्रांत की इकाइयों ने किया स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइज़ेशन का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा को साकार करने हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एन एम ओ काशी प्रांत की सभी इकाइयों ने ल्लभारत भूषण महामना पं. मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा' के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।यह जानकारी नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन के डॉ राजेश कुमार राय ने दी। उन्होंने बताया कि आज रविवार को वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, अमेठी, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, सोनभद्र संत रविदास नगर आजमगढ़, मऊ, बलिया, प्रतापगढ़ तथा जौनपुर में एकल आरोग्य अभियान योजना एवं सेवा भारती के सहयोग से 100 से अधिक औषधि युक्त स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन सभी शिविरों में 12,500 से अधिक मरीजों को सामान्य स्वास्थ्य की जांच, सामान्य रोगों की दवाएं एवं सलाह दी गईं। महिला चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मासिक धर्म में साफ सफाई का महत्त्व तथा ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती लक्षणों तथा रक्त अल्पता के प्रति महिलाओं में जागरूकता हेतु स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की गई।

डॉ राजेश ने बताया कि शिविर का सफल आयोजन सम्पूर्ण काशी प्रांत के सभी 12 मेडिकल कॉलेज इकाइयों एवं नगर इकाइयों के छात्रों एवं चिकित्सकों द्वारा सभी जनपदों में एक साथ सम्पन्न हुआ। मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण एवं सामान्य जाँच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना एवं महामना के आदर्शों को जन-जन तक ले जाना रहा। शिविरों में 301 चिकित्सकों एवं 500 से अधिक चिकित्सा शिक्षार्थियों ने सहभागिता की। रोगियों का ऑनलाइन पंजीकरण, अनुभव कथन एवं फीडबैक के माध्यम से इसे स्मृतियों को सजोंया गया।

### घर के पास निकला 10 फीट लंबा मगरमच्छ, मचा हड़कंप, वन विभाग ने पकड़कर बेलन नदी में छोड़ा

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के सत्यनारायण तिवारी के घर के पास स्थित गड्ढे में अचानक करीब 10 फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने जैसे ही विशालकाय मगरमच्छ को देखा, शोर मचाते हुए लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे वनकर्मी श्रवण कुमार संत और शीतला बक्स सिंह ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा। इसके बाद उसे वाहन में लादकर बेलन नदी के गहरे पानी में छोड़ दिया गया। मगरमच्छ के सुरक्षित पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान आसपास भारी संख्या में लोग मौके पर जुट गए थे। वन्यजीव प्रतिपालक भास्कर प्रसाद पांडेय ने बताया कि बस्ती में घुसा मगरमच्छ ग्रामीणों के लिए खतरा बन सकता था, लेकिन वन विभाग की तत्परता से उसे सुरक्षित स्थानांतरित कर बेलन नदी के जलाशय में छोड़ दिया गया।

# नेकी की दीवार सामाजिक संस्था का काफिला पंजाब रवाना

- बाढ़ प्रभावितों को दवाइयां व कपड़े पहुंचाएगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। समाजसेवा की मिसाल कायम करते हुए नेकी की दीवार सामाजिक संस्था ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए दवाइयों और कपड़ों की बड़ी खेप रवाना की है। संस्था का उद्देश्य असहाय और जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। संस्था के सदस्य डॉ. सद्दाम अंसारी ने करीब 50 हजार रुपये मूल्य की दवाइयां राहत सामग्री के रूप में उपलब्ध कराई हैं। इनमें एंटीबायोटिक, एंटीफंगल, डायरिया, बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, मल्टीविटामिन, कैल्शियम, पेरासिटामोल, सेटरज़िन, न्यूरोबियन, ब्रिटनी साल, त्वचा रोग की दवाइयां व लोशन शामिल हैं। दवाइयों के लगभग 30 हजार पैकेट और बच्चों के कपड़ों को पैक करके एक निजी वाहन से पंजाब भेजा गया है। संस्था ने राहत पहुंचाने के लिए गुरुद्वारा सिंह सभा के साथ मिलकर यह पहल की है। संस्था के अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि बाढ़ के बाद बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है, ऐसे में यह सहायता लोगों के लिए जीवनदायी साबित होगी। इस पहल में डॉ. सद्दाम अंसारी, अमनदीप सिंह, कपिल कक्कड़, अदनान बाबा, रणजीत सिंह, बलजीत सिंह खैरा, स्वराज सिंह, आकाश गुप्ता समेत कई सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी ने बताया कि नेकी की दीवार संस्था का मकसद गरीबों व असहायों को भोजन, कपड़े, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही संस्था पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के लिए भी कार्यरत है। नेकी की दीवार की यह पहल पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोग संस्था के इस कदम को बेहद सराहनीय बता रहे हैं और इसे बाढ़ प्रभावितों के लिए समय पर किया गया मानवीय सहयोग मान रहे हैं।

# औरैया में गोवंश तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ : 16 तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। जिले की पुलिस ने गोवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 तस्करों को गिरफ्तार किया है और 51 गौवंशों को सुरक्षित बचाया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि थाना बिधूना और एरवा कटरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तस्कर रघुवीर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसके 9 अन्य साथियों को भी दबोच लिया।

गौरतलब है कि, 6 सितम्बर को शामपुर रोड पर पलटे कंटेनर से 14 गौवंश मृत पाए गए थे, जिनमें 6 गाय और 8 सांड़ शामिल थे। जीवित बचे सांड़ों को गौशाला भेज दिया गया। इसी मामले की जांच में पुलिस अधीक्षक ने तीन टीमें गठित की थीं।

टीमों ने छापेमारी कर हैप्पी सिंह सेंगर, शिवा भदौरिया, दीपक, मंजेश यादव और राहुल को गिरफ्तार किया। इसके बाद 7 सितम्बर को एरवा कटरा पुलिस ने बरौनाखुर्द मार्ग से 6 और तस्करों को पकड़ा, जिनके कब्जे से 48 गौवंश बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन, कल्लू, मुकेश जाड़ी उर्फ नैना कल्लो और बच्चू शामिल हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह आवारा गोवंशों को पकड़कर राजस्थान के तस्करों तक पहुंचाता था, जहां से उन्हें अन्य राज्यों में कटान के लिए भेजा जाता था।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन जन सेवा के लिए समर्पित : प्रकाश पाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वाँ जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। भाजपा पार्टी 17 सितंबर से दो अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा चलाएगी। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पार्टी सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा कार्य करेगी। इसको लेकर रविवार को पार्टी की ओर से बैठक की गई।इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहें। यह जानकारी रविवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

कानपुर - बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन जन सेवा के लिए समर्पित है। इसलिए उनके 75वें जन्मदिन पर लोगों को सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा में सांसद, विधायक, मंत्री, विधान परिषद सदस्य, बोर्ड, निगम,आयोग के सदस्य, सहित सभी जनप्रतिनिधि ,पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल तथा बूथ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे।

प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा में पहले दिन युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। भाजपा के पार्टी कार्यकर्ता 17 सितंबर को ही बूथ स्तर पर पार्क, मंदिर, देवालय, विद्यालय, अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। 17 को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण सुना जाएगा। 17 से 24 सितंबर को प्रत्येक पीएचसी,सीएचसी एवं आरोग्य मंदिरों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। 18 को जिला स्तर पर पीएम मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 18 सितंबर से गांधी जयंती तक मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 19 से 20 सितम्बर तक पीएम मोदी के जीवन एवं उपलब्धियों और विकसित भारत विषय पर प्रबुद्ध संगोष्ठी होगी। 21 को भाजयुमो द्वारा आत्म निर्भर एवं विकसित भारत की थीम पर आधारित नमो मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। 25 सितंबर को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। बूथों पर पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं प्रतित्व पर चर्चा की जाएगी सायंकाल जिला इकाई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 27 व 28 को दिव्यांजनो को कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण समारोह होंगे।

दो अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर पं लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी की प्रतिमाओं की धुलाई सफाई कर माल्यार्पण एवं आसपास स्वच्छता अभियान एवं पार्टी नेताओं द्वारा खादी वस्त्रों की खरीदारी कर दुकानदारों के प्रोत्साहित करेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि दक्षिण जिले में सेवा पखवाड़ा में जिला मंत्री जसविंदर सिंह को संयोजक एवं अर्जुन बेरिया ,संजीव बेरी, अनुराग शुक्ला, प्रवीण मिश्रा को सह संयोजक बनाया गया है। नौ व 10 सितंबर को मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बैठक में पूनम द्विवेदी, रघुनंदन भदौरिया, कौशल किशोर दीक्षित, राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, अर्जुन बेरिया, संजय कटियार, वीरेंद्र दिवाकर, शिवम मिश्रा , सभी मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# भारत और पाकिस्तान के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी

एजेंसी



दुबई। शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वे रविवार को शारजाह में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे।

क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिटिंग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था। पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की। उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के ख़िलाफ़ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई। ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है।

## मुझे हमेशा वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो मुझे वास्तव में चाहिए: लवलीना

एजेंसी

लीवरपूल। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दौर से बाहर होने के बाद ट्रेनिंग के कम अवसरों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें वास्तव में चाहिए। एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना शनिवार को 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्की की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी। लवलीना ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, ''एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई३ इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई। लेकिन सभी जानते हैं ऽ मैं कभी भी किसी और चीज के लिए नहीं लड़ती, सिर्फ अपनी ट्रेनिंग के लिए। मैं कभी विलासिता की चीजें नहीं मांगती। मैं सिर्फ अच्छी ट्रेनिंग मांगती हूं। इस 27 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने पेरिस ओलंपिक और उसके बाद के मुकाबलों के लिए तैयारी के दौरान कम अनुभव मिलने पर अफसोस जताया और तोक्यो खेलों से पहले मिली सहयोग प्रणाली से तुलना की। उन्होंने कहा, ''तोक्यो ओलंपिक से पहले हमारे पास अच्छे अंतरराष्ट्रीय शिविर थे। मैं ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय स्परिंग जोड़ीदार के लिए अनुरोध करती थी लेकिन पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे बहुत कम प्रतियोगिताएं और बहुत कम अंतरराष्ट्रीय शिविर का मौका मिला। लवलीना ने कहा, ''अच्छे जोड़ीदार के बिना मैं खुद को कैसे बेहतर बना सकती हूं? पेरिस ओलंपिक में भी मैं अकेली थी। मुझे खुद को बार-बार साबित करना पड़ता है। और सभी जानते हैं कि खेल में मानसिक शक्ति उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी शारीरिक शक्ति। उन्होंने कहा, ''फिर भी अपने देश के लिए सब कुछ देने के बाद भी मुझे हमेशा वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो मुझे सच में चाहिए। मैं हर लड़ाई में अकेले ही मुश्किलों का सामना करती हूं। मुझे बताओ३ क्या यह सही है कि मैं हमेशा अपना सिर झुकाए रखूं, सब कुछ होने के बावजूद चुपचाप ट्रेनिंग करती रहूं? लवलीना ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह मौजूदा कोच की आलोचना नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''मैं मौजूदा कोच और टीम के सदस्यों को दोष नहीं दे रही। उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है और मेरी मदद करने की कोशिश की है। लेकिन हां कुछ नया सीखने में हमेशा थोड़ा और समय लगता है। इस साल लवलीना ने अनुरोध किया था कि राष्ट्रीय शिविर में उनके निजी कोच को शामिल किया जाए और यूरोप में ट्रेनिंग का मौका दिया जाए लेकिन दोनों अनुरोध खारिज कर दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के साथ बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर से शुरु होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला की घोषणा की हैं। इस दौरे में दो टेस्ट मैच होंगे। इसके जरिए दोनों टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी। दक्षिण अफ्रीका 2023-25 संस्करण जीतकर वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का विजेता है। पहला टेस्ट मैच लाहौर में (12-16 अक्टूबर) और दूसरा टेस्ट रावलपिंडी (20-24 अक्टूबर) खेला जायेगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेंगी। रावलपिंडी में पहला टी-20 मैच 28 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद श्रृंखला के बाकी दो मैच 31 अक्टूबर और एक नवंबर को लाहौर में खेले जाएंगे। एकदिवसीय मैच चार, छह और आठ नवंबर को फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में खेले जायेंगे। यह मैदान 17 साल बाद किसी एकदिवसीय मैच की मेजबानी करेगा, पिछली बार 2008 में पाकिस्तान और बंगलादेश के बीच एकदिवसीय मैच खेला गया था। दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीमें चार साल बाद पाकिस्तान का दौरा करेंगी। दक्षिण अफ्रीका को 2021 में अपनी पिछली टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। एकदिवसीय टीम इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान देश में थी, जहां वे न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल में हार गए थे।

### सिनर और अल्काराज़ में एक और रोमांचक मुकाबले की संभावना

**न्यूयॉर्क।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ रविवार को यहां जब अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में आमने-सामने होंगे तो इन दोनों के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता अपने चरम पर पहुंचने की पूरी संभावना है। इटली के 24 वर्षीय सिनर और स्पेन के 22 वर्षीय अल्काराज इस सत्र में तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे जो टेनिस इतिहास में नया रिकॉर्ड है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मैच को देखने की योजना बना रहे हैं जिससे यह मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है। यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं और ऐसे में जो भी खिलाड़ी अवसरों का फायदा उठाएगा उसके चैंपियन बनने की संभावना बढ़ जाएगी। सिनर ने कहा, ''हम एक दूसरे के खेल ही नहीं बल्कि कई अन्य चीजों के बारे में भी जानते हैं और यही वजह है कि हम अलग-अलग तरीके से रणनीति तैयार करते हैं। इस तरह की प्रतिद्वंद्विता का होना बहुत अच्छा है। सिनर पिछले 17 वर्षों में अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने वाला पहला खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। रोजर फ़ेडरर ने 2008 में यह कारनामा किया था। तब वह लगातार पांचवीं बार चैंपियन बने थे। यह मुकाबला इसलिए भी महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि इसमें जीत हासिल करने वाला खिलाड़ी नंबर एक रैंकिंग भी हासिल करेगा। अल्काराज़ ने शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6 (4), 6-2 से जबकि सिनर ने फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया था। फाइनल का परिणाम जो भी हो यह सुनिश्चित है कि यह जोड़ी पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को साझा करेगी और पिछले 13 में से 10 पर कब्जा करेगी। अल्काराज़ ने अभी तक पांच और सिनर ने चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। अल्काराज ने जून में फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था। सिनर ने जुलाई में विंबलडन में इसका बदला चुकता कर दिया था। सिनर ने लगातार पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल में भी जगह बनाई है, जिसकी शुरुआत 12 महीने पहले अमेरिकी ओपन से हुई थी। अल्काराज ने अपना छठा प्रमुख खिताब और फ्लशिंग मीडोज में दूसरा खिताब जीतने की कवायद में एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर का 2024 की शुरुआत से अल्काराज़ के खिलाफ रिकॉर्ड 1-6 है जबकि अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 109-4 है।

### अदाणी समूह 2031-32 तक बिजली, नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र में 60 अरब डॉलर का निवेश करेगा

नयी दिल्ली। उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी समूह वित्त वर्ष 2031-32 तक बिजली क्षेत्र में, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्ज़ा, उत्पादन और पारेषण/वितरण में, लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। एक निवेशक प्रस्तुति में अदाणी पावर ने कहा कि समूह वित्त वर्ष 2029-30 तक 21 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की योजना बना रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता को 2024-25 के 14.2 गीगावाट से बढ़ाकर 50 गीगावाट तक पहुंचाया जा सके। अदाणी समूह की इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) यूटिलिटी-स्केल ग्रिड से जुड़ी सौर और पवन ऊर्ज़ा फार्म परियोजनाओं का विकास, निर्माण, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव करती है। समूह अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के माध्यम से पारेषण और वितरण क्षमता के निर्माण में 17 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। एईएसएल एक बहुआयामी संगठन है जिसकी ऊर्ज़ा क्षेत्र के विभिन्न खंड जैसे विद्युत पारेषण, वितरण, स्मार्ट मीटरिंग और शीतलन समाधान क्षेत्र में उपस्थिति है। कंपनी वित्त वर्ष 2029-30 तक भारत की बढ़ती ऊर्ज़ा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 30,000 किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन स्थापित करने की योजना बना रही है। यह 31 मार्च, 2025 तक 19,200 किलोमीटर थी। समूह वित्त वर्ष 2031-32 तक अदाणी पावर के माध्यम से 22 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है ताकि इसे 2024-25 के 17.6 गीगावाट से बढ़कर 41.9 गीगावाट क्षमता तक पहुंचाया जा सके। अदाणी पावर भारत की सबसे बड़ा निजी ताप बिजली उत्पादक कंपनी है। इसकी क्षमताएं गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में फैली हुई हैं और गुजरात में 40 मेगावाट की सौर ऊर्ज़ा परियोजना है। अदाणी समूह ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली बाजारों में से एक है, जहां कुल स्थापित क्षमता 11 प्रतिशत की सालाना दर (सीएजीआर) से बढ़कर 2024-25 के 475 गीगावाट से 2031-32 तक 1,000 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है।

## रोनाल्डो ने दिलाई पुर्तगाल को बड़ी जीत

एजेंसी

मैनचेस्टर। रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

# अनिसिमोवा को मात देकर सबालेंका ने जीता यूएस ओपन का खिताब

एजेंसी

न्यूयॉर्क। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन का खिताब जीता। शनिवार रात खेले गये मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6(3) से हराकर अपने खिताब को बरकरार रखा। इस जीत के साथ बेलारूसी खिलाड़ी सबालेंका 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद न्यूयॉर्क में लगातार दो एकल खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। 27 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड गैरोस दोनों के फाइनल में हारने के बाद दबाव में चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में मैच में उतरी थीं। लेकिन उन्होंने मौके का फायदा उठाया और अथक शक्ति और संयम का प्रदर्शन करते हुए 2025 की अपनी पहली और अपने करियर की चौथी बड़ी ट्रॉफी जीती। यह जीत ग्रैंड स्लैम स्तर पर उनकी 100वीं मुख्य ड्रॉ मैच जीत और इस सीजन की उनकी 56वीं जीत भी है। बेसलाइन से सबालेंका के जोरदार प्रहारों का मुकाबला करते हुए, 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने गत चैंपियन को शुरुआत में ही परेशान किया, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर की गई गलतियां उसके लिए महंगी साबित हुईं। शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुई, लेकिन सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर अपनी लय बनाए रखी और सेट को केवल 38 मिनट में ही समाप्त कर दिया, क्योंकि अनिसिमोवा का फोरहैंड बाहर चला गया था। दूसरे सेट में अमेरिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया, जिससे उनका नियमित ओवरहेड नेट में चला गया। इससे अनिसिमोवा ने सर्विस ब्रेक की और टाईब्रेकर कराया। हालांकि, सबालेंका ने वह परिपक्वता दिखाई जिसका श्रेय वह अक्सर पिछली निराशाओं से सीखे गए सबक को देती हैं और मैच को अपने तीसरे चैंपियनशिप पॉइंट पर पहुंचाया। खिताब जीतने के बाद सबालेंका कहा, जब आप सबसे बड़े टूर्नामेंटों में से एक का फाइनल हार जाते हैं और तुरंत मीडिया के पास जाते हैं, तो आप निराश और भावुक हो जाते हैं। उन पलों ने मुझे और भी अधिक मजबूत बनना सिखाया। यह एक कठिन सबक था, लेकिन इसने मुझे कई मायनों में मदद की।



## लाहौर तीन साल से अधिक समय में पहले क्रिकेट टेस्ट की मेजबानी करेगा

इस्लामाबाद। गत चैंपियन दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान अगले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अपने नए चक्र की शुरुआत करेंगे और इस दौरान लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम तीन साल से अधिक समय बाद अपने पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। दक्षिण अफ्रीका ने जून में लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल में हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का खिताब जीतने का सूखा खत्म किया। पाकिस्तान 14 टेस्ट मैच में से नौ मैच हारकर डब्ल्यूटीसी तालिका में सबसे नीचे रहा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 0-2 की हार भी शामिल है। शनिवार को एक बयान में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद ने कहा, ''हम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अभियान की पहली श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

# मेरा एक ही लक्ष्य है और वो है भारत के लिए खेलना : निशांत सिंधु

एजेंसी

बेंगलुरु। दलीप ट्रॉफी सेमीफ़ाइनल में अपने हरफनमौला खेल से नॉर्थ ज़ोन के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले हरियाणा के युवा ऑलराउंडर और अंडर-19 विश्व कप विजेता खिलाड़ी निशांत सिंधु ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य भारत के लिए खेलना है और इसके लिए वह कदम दर कदम बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। साउथ ज़ोन के ख़िलाफ़ पहली पारी में बाएं हाथ के स्पिनर सिंधु ने पंजा निकालते हुए बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे साउथ ज़ोन की पारी को 536 पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद बल्लेबाज़ी में जब नॉर्थ ज़ोन की पारी लड़खड़ाई तो सिंधु बल्ले के साथ टीम के लिए संकटमोचक बन गए। हालांकि सिंधु ने कहा कि वह बल्लेबाज़ी में और बेहतर कर सकते थे। सिंधु ने तीसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा,''गेंदबाज़ी के दौरान मैं यही सोच रहा था कि कितना जल्दी हम उन्हें आउट कर सकें क्योंकि विकेट काफ़ी अच्छा था तो रन उन्होंने एक्स्ट्रा बनाए लेकिन बल्लेबाजी के समय मैं बस यही सोच रहा था कि अंत तक खेलूं और टीम को और बेहतर स्थिति में ले जाऊं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से मैं नहीं कर पाया तो अब कल देखते हैं कि कैसा रहता है। तीसरे दिन सिंधु जब बल्लेबाज़ी के लिए आए तब नॉर्थ ज़ोन ने गुरजपनीत सिंह के दोहरे झटकों की बदौलत 101 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद उन्होंने शतकवीर शुभम खजुरिया (128*) के साथ 171 रनों की साझेदारी कर नॉर्थ ज़ोन को बेहतर स्थिति में पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि सिंधु 82 के निजी स्कोर पर गुरजपनीत का तीसरा शिकार बने और दिन के खेल की समाप्ति तक नॉर्थ ज़ोन ने 278 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे। 21 वर्षीय सिंधु ने अब तक 29 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और उन्होंने इस दौरान छह शतक और छह अर्धशतक जड़ते हुए 78.38 की औसत से 1823 रन बनाए हैं। गेंद के साथ वह तीन बार पारी में पंजा और एक बार मैच में 10 विकेट हॉल के साथ कुल 64 विकेट निकाल चुके हैं। उन्होंने अपने खेल पर बात करते हुए कहा कि अभ्यास के दौरान उनका प्रयास यही रहता है कि वह अपने खेल के हर पहलू पर काम करें। सिंधु ने साउथ ज़ोन के ख़िलाफ़ पंजा निकालने के साथ ही एन जगदीशन (197) को भी रन आउट किया था। सिंधु ने कहा, ''हर मैच में यही कोशिश करता हूं कि टीम के लिए बल्लेबाज़ी, गेंदबाज़ी और फ़ील्डिंग में अपना 100 फ़ीसदी दूं, मैं सामान्यतः अभ्यास में कुछ अलग नहीं करता बस मैं जिन पहलुओं पर कमज़ोर हूं उन्हें ठीक करने की कोशिश करता हूं।

## क्लासिक लीजेंड्स के संस्थापकों ने कहा, जीएसटी कटौती के बाद फिर चमक बिखेरेंगी येज्दी, जावा बाइक

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापकों का मानना है कि जीएसटी सुधारों से चर्चित मोटरसाइकिल ब्रांड येज्दी और जावा अपनी वापसी की राह पर ''किसी और ब्रांड से ज्यादा बेहतर तरीके से अपनी चमक बिखेरेंगें। ये ब्रांड 90 के दशक के मध्य में नीतिगत बदलाव के कारण बाजार से गायब हो गए थे। क्लासिक लीजेंड्स के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अनुपम थरेजा और सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने एक संयुक्त साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया कि 350 सीसी तक के दोपहिया वाहन पर 28 प्रतिशत के बजाय 18 प्रतिशत की संशोधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संरचना की नई दर लागू होने के बाद दोनों ब्रांड की बाइक की कीमत दो लाख रुपये से कम हो जाएगी। इस कटौती का पूरा लाभ कंपनी ग्राहकों को देगी।

## जीएसटी कटौती के बाद कीमतें कम नहीं हुईं, तो उद्योग संगठनों की शिकायतों पर विचार करेंगे: सीबीआईसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा है कि 22 सितंबर से घटी हुई माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरें लागू होने के बाद वस्तुओं की कीमतों में कमी न होने से संबंधित उद्योग निकायों की शिकायतों पर विचार किया जाएगा। केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह 375 वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती करने और स्लैब की संख्या को वर्तमान के चार से घटाकर केवल दो करने का फैसला किया है। 22 सितंबर से, अधिकांश सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर पांच प्रतिशत जीएसटी और बाकी सभी चीजों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। जीएसटी परिषद ने 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म करने का सर्वसम्मति से फैसला लिया है। यह एक जुलाई, 2017 को माल और सेवा कर के लागू होने के बाद से आठ साल में किया गया सबसे बड़ा फ़ेरबदल है। इसके अलावा बाजार में प्रतिस्पर्धी ताकतें भी सक्रिय हैं, जिससे खरीदारों के हाथों में कीमतों में कमी आएगी। अग्रवाल ने कहा, ''हमें भरोसा है कि उद्योग इसका लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाएगा और अगर हमें कोई शिकायत मिलती है, तो हम इसे उद्योग निकायों के समक्ष उठाएंगे। जीएसटी लागू होने के शुरुआती वर्षों के अनुभव को याद करते हुए अग्रवाल ने कहा कि मुनाफाखोरी के संबंध में शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था तो थी, लेकिन 2017, 2018 और 2019 में जब दरों में बड़ी कटौती की गई, तब प्राधिकरण के पास ज़्यादा आवेदन नहीं किए गए। अग्रवाल ने कहा, ''इससे यह आभास होता है कि ज्यादातर लाभ उद्योग द्वारा अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाया गया।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 1.06 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 314.15 अंक या 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 37,960.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,451.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 23,343.51 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,767.71 करोड़ रुपये हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,580.42 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,78,444.32 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 15,559.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,54,607.42 करोड़ रुपये हो गया।

# वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। एक विश्लेषक ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के समर्थन से पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह भी घरेलू और वैश्विक स्तर पर काफी आंकड़े आएंगे। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नजर रहेगी। इनमें उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा शामिल हैं, जो फ़ेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई भी नई सूचना बाजार की धारणा को और मजबूत कर सकती है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 314.15 अंक या 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''आगे की ओर देखते हुए, भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सतर्क और आशावादी रुख के साथ शुरुआत कर सकता हैं। निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर का रुख भी इस सप्ताह बाजार का रुख तय करेगा। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''यह सप्ताह भारतीय बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा एक संभावित प्रोत्साहन के रूप में काम कर रही है जो बाजार की धारणा को बेहतर बना सकती है और क्षेत्रीय स्तर पर तेजी ला सकती है, जिससे निकट भविष्य में शुल्क की नकारात्मक धारणा का मुकाबला किया जा सकता है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चंद्रग्रहण के सूतक काल के पहले सुबह बाबा लाट भैरव की निकली धूमधाम से बारात

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में न्यायाधीश अनादिकालेश्वर बाबा लाट भैरव का विवाहोत्सव रविवार को चंद्रग्रहण के चलते सूतक काल के पहले ही सम्पन्न हुआ। काशी में अष्ट भैरव में से एक बाबा लाट भैरव की बारात सुबह सात बजे ही निकाली गयी। लाट भैरव प्रबंधक समिति की ओर से हरतीरथ स्थित इन्ना माई की गली से बारात निकली। शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने बाबा के रजत मुखौटे का षोड्षोपचार पूजन-अर्चन में भाग लिया और बाबा के बारात में भी शामिल हुए। बारात मार्ग विशेश्वरगंज, भैरवनाथ चौराहा, जतनबर, कतुआपुरा, अंबियामंडी, बलुआबीर, हनुमानफाटक, तेलियाना होते हुए नउआपोखर स्थित लाट भैरव बाजार में बनाए गए जनवासे तक पहुंची। श्री लाट भैरव डमरू दल के सदस्य सबसे आगे निनाद करते चल रहे थे। क्षेत्रीय और श्रद्धालुओं ने बाबा के रथ की राह में फूल बिछाए और आरती उतारकर स्वागत किया। इस दौरान बाबा लाट भैरव की बारात में शामिल श्रद्धालु हर-हर महादेव का जयघोष करते रहे। रथ पर सवार बाबा के रजत स्वरूप का दर्शन करने के लिए रास्ते भर भक्तों की कतार लगी रही। बारात के लाट भैरव मंदिर पहुंचते ही बाबा का द्वारपूजन हुआ। तदुपरांत रजत मुखौटे को मंदिर की पांच परिक्रमा कराने के बाद विग्रह पर विराजमान कर विधि विधान से वैवाहिक अनुष्ठान पूर्ण कराया गया।

रविवार को चंद्रग्रहण रात 9 बजकर 27 मिनट पर लग रहा है। जिसका सूतक काल दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर शुरू हो गया। ऐसे में बाबा लाट भैरव की बारात भी सुबह निकाली गयी। सुबह सात बजे इन्नामाई के मंदिर से निकली बारात दोपहर साढ़े 11 बजे लाट भैरव मंदिर सूतक लगने के पहले पहुंच गई। श्री लाट भैरव समिति के अध्यक्ष रोहित जायसवाल ने बताया कि परंपरा के अनुसार बाबा लाट भैरव की बारात आज निकाली गयी है। चंद्रग्रहण की वजह से बाबा लाट भैरव की बारात दिन में निकाली गई। बुजर्गों के अनुसार यह इतिहास में तीसरी बार है जब दिन में बारात निकाली जा रही है। दूसरी बार चंद्रग्रहण की वजह से तो एक बार वैश्विक महामारी कोविड काल में दिन में बारात निकाली गयी थी।

# पर्युषण महापर्व आत्मशुद्धि का पर्व : दीपांशु जैन शास्त्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**दसलक्षण महापर्व का 10वां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में मनाया**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद दिगम्बर जैन समाज की ओर से रविवार को दसलक्षण महापर्व का 10वां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में मनाया। लोहागढ़ स्थित जैन मंदिर में ब्रह्मचर्य धर्म के पावन अवसर पर भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा में समस्त जैन समाज ने बड़ी संख्या में सहभागिता की गई। जयपुर राजस्थान से पधारे दीपांशु जी शास्त्री की ओर से पूर्ण विधि विधान से नमन अभिषेक एवं शांतिधारा सम्पंन कराने के बाद कहा कि जैन समाज में में पर्युषण महापर्व का बहुत अधिक महत्व है। यह आत्मशुद्धि का पर्व है। पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर मूलनायक भगवान श्री चंद्रप्रभु भगवान का स्वर्ण कलश से मस्तकाभिषेक करने एवं स्वर्ण एवं रजत झारी से भगवान की शांति धारा करने का परम सौभाग्य पंकज जैन, यश जैन, पारिशा जैन, अतिशय जैन, रिद्धिमा जैन परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश से प्रभु का अभिषेक राजीव जैन, अमित जैन, प्रिंस जैन, आशीष जैन ने किया। श्रद्धालुओं की ओर से भगवान का अभिषेक, प्रक्षालन एवं मंगल आरती की गई। भोपाल से पधारे संगीतकार शोभित जैन ने भक्तिमय स्वर लहरियों से भजनों द्वारा समा बांध दिया। अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज अनिल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुरादाबाद जैन समाज की समस्त कार्यकारिणी एवं महिला जैन समाज की अध्यक्ष नीलम जैन एवं पूरी महिला महिला कार्यकारिणी उपस्थित रहीं।

# चंद्रग्रहण के चलते काशी में सूतक काल के पहले मां गंगा की आरती संपन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। चंद्रग्रहण के कारण उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी में रविवार को भरी दोपहरी में मां गंगा की आरती विधि विधान से की गई। धर्मनगरी में 35 वर्षों में 5वीं बार मां गंगा की आरती दिन में हुई। इस दौरान यहां आई बाढ़ के चलते श्रद्धालु दिन में हुई गंगा आरती देखने से वंचित रहे। चंद्रग्रहण के चलते प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर गंगोत्री सेवा समिति और दशाश्वमेधघाट पर गंगा सेवा निधि की ओर से मां गंगा की सांयकालीन आरती दोपहर में सूतक काल शुरू होने से पहले ही संपन्न हुई। गंगोत्री सेवा समिति के अध्यक्ष पं. किशोरी रमण दुबे ने पत्रकारों को बताया कि 35 वर्षों में यह 5वीं बार है जब मां गंगा की आरती दिन में सम्पन्न कराई गई। इससे पहले 28 अक्टूबर 2023, 16 जुलाई 2019, 27 जुलाई 2018 और 7 अगस्त 2017 को भी इसी कारण आरती का समय बदला गया था। फिलहाल गंगा के बढ़े जलस्तर की वजह से आरती का आयोजन घाट की छत पर किया गया। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने बताया कि चंद्रग्रहण के सूतक काल से पूर्व मां गंगा की आरती अपने परंपरागत तरीके से दोपहर 12 बजे से शुरू होकर सूतक काल से पूर्व सम्पन्न कराई गई। वर्ष 1991 से स्व. पंडित सतेंद्र मिश्र ने दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती की शुरूआत की गई थी। यह 35 वर्षों में 5वीं बार दिन में हुई मां गंगा की आरती सम्पन्न कराई गई इस पल के साक्षी कई श्रद्धालु ओर पर्यटक भी हुए। उन्होंने बताया कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण इस समय भगवती मां गंगा की आरती छत पर सम्पन्न कराई जा रही हैं। गंगा में इस बार सीजन की तीसरी बार भारी बाढ़ आने की वजह से गंगा आरती स्थल बदलने के बाद छत पर ही शुरू की गई। वैदिक परंपराओं के अनुरूप छत पर गंगा आरती अर्चकों ने की।

# कैंपों के माध्यम ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करे बिजली विभाग: ठाकुर रामवीर सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। प्रत्येक बिजली घर उपकेन्द्र पर 90 दिन के कैंपों का रोस्टर बनाएं जिससे प्रत्येक ग्राम में विद्युत विभाग के कैंप लगाए जा सके। कैंपों के माध्यम ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान भी कराया जाए। भाजपा कार्यकर्ताओं से उचित व्यवहार करें। यह बातें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर, सीनियर इंजीनियर कुंदरकी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त एक्सईएन, एसडीओ एवं जेई के साथ के सर्किट हाउस में विधानसभा की विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर बैठक के दौरान कहीं। बैठक में कुंदरकी विधायक ने कहा कि विद्युत लाइन में अवरोध बन रहे पेड़ों की कटाई करके लाइन को साफ किया जाए। खराब मीटरों को बदला जाए और लोड के अनुसार ट्रांसफॉर्मर्स की क्षमता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हो तो मेंटेनेंस के लिए विद्युत आपूर्ति बंद करने से पहले सोशल मीडिया या अखबारों के माध्यम से जनता को पूर्व में सूचना दी जाए। जिससे वह परेशान ना हों। विधायक ने कहा कि बिजली कार्यालय की खासकर फोन नहीं उठाने व संतोषजनक जवाब नहीं देने की शिकायतें भी सामने आती रही है। इस पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से उचित व्यवहार करने को कहा। बैठक में मूंढापांडे ब्लॉक के ब्लाक प्रमुख डा नवदीप यादव, कुंदरकी विधानसभा के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष क्रमश नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, बबलू जाटव, संजय कश्यप आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# ब्रिटेन की भांति नदियों की सफाई के लिए साथ आए जनता और सरकार : रामाशीष

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। भारत में नदियों को माता माना जाता है, इसके बावजूद यहां की नदियों की निर्मलता व अविरलता पर बहुत काम होना बाकी है। दूसरी तरफ ब्रिटेन देश है जहां पर नदियों को माता नहीं माना जाता फिर भी वहां की सरकार ने जनता के सहयोग से नदियों की साफ सफाई करवाकर पुनर्जीवित किया। ऐसे में भारत की नदियों की अविरलता व निर्मलता के लिए सरकार और जनता को साथ आना ही होगा। यह बातें रविवार को जौनपुर पहुंचे गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने कही। जनपद में गंगा समग्र काशी प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक एक कॉलेज में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राम आशीष और क्षेत्र संगठन मंत्री संजय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगठन मंत्री ने बताया कि गंगा समग्र का धेय वाक्य 'अविरल गंगा निर्मल गंगा' है। उन्होंने कहा कि गंगा में मिलने वाली सभी नदियों को गंगा माता माना जाता है। गोमती नदी सहित अन्य नदियों की सफाई के लिए गंगा समग्र कार्यरत है। उन्होंने समाज में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। नदियों का उपयोग धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक कार्यों के लिए किया जाए। साथ ही उनकी निर्मलता और अविरलता का ध्यान रखा जाए। इंग्लैंड का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां की सूखी नदी को सरकार और समाज के प्रयास से पुनर्जीवित किया गया। जबकि ब्रिटेन की जनता नदी को माता नहीं मानकर भी सफाई कर सकती है, तो भारत में यह काम और भी आसानी से किया जा सकता है। नमामि गंगे परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश में 70 फीसद काम पूरा हो चुका है। छोटे नालों को पाइप लगाकर और बड़े नालों को एसटीपी के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है। उत्तराखंड में यह काम लगभग पूरा हो चुका है।

# चंद्र ग्रहण के चलते राममंदिर सहित नगर के सभी मठ-मंदिरों के कपाट बंद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। उत्तर प्रदेश की रामनगरी अयोध्या में चन्द्र ग्रहण के चलते प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी समेत सभी मठ-मंदिर के कपाट रविवार को दोपहर की आरती करने के बाद बंद कर दिए गए हैं,। चंद्र ग्रहण के बाद सोमवार को प्रातः काल पुनः मंदिर के कपाट खुलेंगे और आरती, पूजा के बाद भक्तों के दर्शन क्रम शुरू होगा। यह जानकारी श्रीरामजन्म भूमि ट्रस्ट ने दी है। आज रविवार को इस साल का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत सहित विश्व के कई देशों में दिखाई देगा। ज्योतिष और खगोल विज्ञान दोनों दृष्टिकोण से यह खास माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार, चंद्र ग्रहण का आरंभ रात 9 बजकर 58 मिनट पर होगा। इसका मध्य काल रात 11 बजकर 41 मिनट पर रहेगा और समाप्ति रात 1 बजकर 27 मिनट पर होगी। इस तरह यह ग्रहण कुल मिलाकर करीब 3 घंटे 28 मिनट तक चलेगा। सूतक काल दोपहर 12 बजकर 58 मिनट से प्रारंभ हो गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार का शुभ कार्य, यात्रा, धार्मिक आयोजन या भोजन बनाना वर्जित माना जाता है। सूतक काल में सभी मंदिरों के पट भी बंद हो जाते हैं।

# बरेका में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में उत्साह से शामिल हुए कर्मचारी और अफसर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रविवार को ''फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज'' के संदेश के साथ बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में संडे ऑन साइकिल'अभियान में साइकिल रैली निकाली गई। स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा खेल संघ के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। रैली का शुभारंभ बरेका गोल्फ कोर्स गेट से हुआ। प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्गो-रेल सुरक्षा पोस्ट, कुंदन तिराहा, पूर्वी रेलवे कॉलोनी, केंद्रीय चिकित्सालय, होते हुए बास्केटबॉल ग्राउंड सहित बरेका के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए फिटनेस का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एवं अध्यक्ष, बरेका खेल संघ एस.के. श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित व्यायाम एवं साइकिल चलाना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ल्लफिट इंडिया मूवमेंटङ्क के तहत प्रत्येक नागरिक को प्रतिदिन आधा घंटा शारीरिक व्यायाम के लिए प्रेरित करना है। रैली में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर उत्पादन एवं विपणन एवं महासचिव खेलकूद संघ सुनील कुमार, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर, विद्युत, अनुराग गुप्ता, प्राचार्य प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र राजेश कुमार, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय सिंह दुर्गा, सहायक रेल सुरक्षा आयुक्त जे. पी. मौर्या, जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार, रेल सुरक्षा बल निरीक्षक के. के. सिंह, वरिष्ठ कोच बास्केटबॉल राजू यादव ने भी भाग लिया।

# स्वच्छ मनोरंजन वही जिसका आनंद तीन पीढ़ी एक साथ ले सके : हेमंत पांडे

**हास्य उत्सव का हुआ सफल संचालन**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिजनौर। नगर पालिका बिजनौर द्वारा जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था निर्मल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम 'हास्योत्सव' दर्शकों के मन पर अपनी अमिट छाप छोड़ गया। कार्यक्रम देर रात तक चला और लोगों को हंसाता-गुदगुदाता रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान बिजनौर लोकसभा, विशिष्ट अतिथि डॉ. बीरबल सिंह क्षेत्रीय संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश, सम्मानित अतिथि नगर पालिका अध्यक्षता श्रीमती इंदिरा सिंह , अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, प्रसिद्ध फिल्म कलाकार हेमंत पांडे, निर्देशक नारायण चौहान व दीप अंजुम ने मां सरस्वती और भगवान नटेश्वर की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन करके किया। उसके उपरांत कार्यक्रम संयोजक आशीष अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष श्रीमती शानू जिंघला, मोहम्मद शारिक, तुषार चौधरी व राजा जिंघला आदि ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया। इसके बाद दौर शुरू हुआ नाटक, कविता, मिमिक्री, वार्तालाप का। सबसे पहले नारायण चौहान और दीप अंजुम द्वारा निर्देशित नाटक 'अंधेर नगरी' का मंचन किया गया। 144 साल पहले लिखे गए इस नाटक ने अपने तीखे व्यंग्य और सामाजिक कटाक्ष से सबका मन मोह लिया। भारतेंदु हरिश्चंद्र की इस क्लासिक प्रस्तुति में सत्ता, भ्रष्टाचार और अराजकता का चित्रण जब मंच पर जीवंत हुआ तो दर्शक हँसी और सोच–दोनों में डूब गए। इसमें मुख्य भूमिका में एनएसडी स्नातक ऐनी भारद्वाज रही। इसके बाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध फिल्म व टीवी हास्य कलाकार हेमंत पांडे ने मंच संभाला और अपने अलग अंदाज में कार्यक्रम को अलग ऊंचाई प्रदान की। जहां एक ओर उन्होंने अपनी फिल्मों व सीरियल के हास्य डायलॉग सुनाएं, अभिनय किया वहीं दूसरी और उन्होंने दर्शकों के सवालों के जवाब दिए। सभी लोगों ने बड़े उत्साह से उनके जीवन के बारे में, उनकी फिल्मों के बारे में उनसे सवाल पूछे। एक सवाल के जवाब में पांडे जी ने कहा कि स्वस्थ मनोरंजन वही होता है जिसका आनंद तीन पीढ़ी एक साथ ले सके। आज कॉमेडी के नाम पर फूहड़ता और अश्लीलता परोसी जा रही है, वह उसके पक्ष में नहीं है। कार्यक्रम की दूसरी दमदार नाट्य प्रस्तुति थी 'फसादे इश्क' जिसमें मुख्य भूमिका और निर्देशन किया था एनएसडी स्नातक शिव प्रतीक ने। मोलिएर के प्रसिद्ध नाटक 'द माइज़र' के इस हिंदुस्तानी रूपांतरण ने दर्शकों को न केवल गुदगुदाया बल्कि समाज की उस सच्चाई से भी रूबरू कराया जिसमें लालच, पाखंड और मोहब्बत आपस में टकराते हैं। स्थानीय कलाकार धर्मवीर की मिमिक्री और प्रसिद्ध हास्य कवि हुक्का बिजनौरी के हंसगुल्ले ने लोगों को खूब हंसाया। निर्मल फ़ाउंडेशन, रंग आश्रम व नटेश्वर आर्ट द्वारा प्रस्तुत इन नाटकों में मनीषा, रवि, सैम, सिद्धांत, दिव्यांशी, हर्षल, सृजन, इशिता, ऐनि, अभिषेक ने दमदार अभिनय किया। साथ ही सुशील शर्मा, नरेंद्र शिखर, अनुराग शर्मा, मो. शान, मनोरंजन शर्मा, ऐश्वर्य, ईशिका आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि चंदन चौहान, डॉ. बीरबल सिंह, श्रीमती इंदिरा सिंह, विकास कुमार अधिशासी अधिकारी आदि ने हेमंत पांडे, नारायण चौहान, शिव प्रतीक व दीप अंजुम व सभी कलाकारों को प्रतीक चिह्न और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन निर्मल फाउंडेशन के अध्यक्ष दीप अंजुम ने किया।